जबलपुर मंगलवार 9 जून 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी

वर्ष 31 अंक 340 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



अब हर रोज दर्पण ▶▶ 3

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।




सूर्योदय -5.24 | सूर्यास्त - 6.55



कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों ▶▶ 2



51 वर्ष की हुईं शिल्पा शेट्टी ▶▶ 7



सांसद वीडी शर्मा के प्रयासों से रीवा-चर्लपल्ली ▶▶ 9

# मजदूरों पर गिरा पिघला लोहा, 8 की मौत

विशाखापट्टनम




आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600 डिग्री सेल्सियस तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया। हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के स्टील प्लांट में हुआ। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि कही दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में किसी तरह की चूक तो नहीं हुई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया। वहीं गृह मंत्री वंगालापुडी अनिता ने विशाखापट्टनम के कलेक्टर और सिटी पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज दिलाने और रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए।



# फिलीपींस में भूकंप से आई सुनामी

**मनीला (वार्ता)।** फिलीपींस में सोमवार तड़के 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिससे हुए हादसों में अब तक आठ लोगों की मौत हो गयी है और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गये हैं। देश के एक दक्षिणी शहर में कई इमारतें और एक मुख्य संपर्क पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इसके बाद उठी तीन फुट ऊंची सुनामी ने नजदीकी तटीय क्षेत्रों में दहशत फैला दी। अधिकारियों ने बताया कि इस आपदा में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गयी है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

# हम लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे : खड़गे

## इंडिया ब्लॉक की बैठक में 5 मुद्दों पर बनी सहमति

नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव के दो साल बाद विपक्षी एकजुटता को नई धार देने के मकसद से इंडिया ब्लॉक की 7वीं बैठक दिल्ली में हुई। कांग्रेस की अगुवाई में करीब ढाई घंटे चली बैठक में 25 दलों के नेताओं ने चुनावी पारदर्शिता, शिक्षा व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक मुद्दों पर साझा रणनीति बनाने पर सहमति जताई। बैठक में नीट और सीबीएसई से जुड़े विवादों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। इंडिया ब्लॉक ने नियमित अंतराल पर बैठकें करने का फैसला लिया। इंडिया ब्लॉक की इस बैठक में कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, एनसीपी-एसपी की सांसद सुप्रिया सुले समेत 25 दलों के 34 नेता और निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल शामिल हुए। दोपहर 12 शुरू हुई बैठक करीब ढाई घंटे से ज्यादा चली। बैठक के बाद इंडिया ब्लॉक में शामिल प्रमुख दलों के नेता दोपहर 3 बजे जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे। उन्होंने 8 अगस्त को अगली बैठक हैदराबाद में होने का ऐलान करते हुए कहा कि गठबंधन मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखेगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की डिमांड करते हुए कहा कि हम आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे उठाते रहेंगे। खड़गे ने नीट पेपर लीक को युवाओं के साथ धोखा बताते हुए कहा कि मॉनसून सत्र के दौरान भी गठबंधन के लोग मिलेंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि इंडिया ब्लॉक की बैठक में 25 दलों के नेता शामिल हुए और 5 प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि बैठक में नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई रिवैल्यूएशन में अनियमितताओं के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कांग्रेस अध्यक्ष ने इन दोनों मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि ये देश के युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने इंडिया ब्लॉक की ओर से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। खड़गे ने बताया कि संसद के आगामी मानसून सत्र के दौरान भी विपक्षी गठबंधन नियमित बैठकें करेगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, बैठक में एसआईआर, वोट की लूट और चुनाव में धांधली के संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने पर सहमति बनी है। यह पत्र जल्द ही भारत के मुख्य न्यायाधीश को सौंप दिया जाएगा। दूसरा बिंदु यह है कि शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग पर सर्वसम्मति से सहमति बनी है। क्योंकि उनकी देखरेख में नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में शामिल हुए लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ है।

### इन 5 मुद्दों पर सहमति बनी

- 1. एसआईआर, मतदाता सूची में कथित हस्तक्षेप और चुनावों की निष्पक्षता के मुद्दे पर भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने पर सहमति बनी है। यह पत्र उन्हें जल्द से जल्द सौंपा जाएगा।
- 2. लाखों छात्रों को प्रभावित करने वाले गंभीर मामलों को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उनके कार्यकाल में नीट और सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े मामलों में लाखों युवाओं के साथ अन्याय हुआ है, जिसके कारण आज बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।
- 3. हम देश की गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचारों और किसानों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाते रहेंगे। जनहित से जुड़े इन विषयों पर केंद्र सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए, जिसमें हम अपने सभी मुद्दे और सुझाव रखेंगे।
- 4. इंडिया ब्लॉक के सभी दल हर दो महीने में बैठक करेंगे। हमारी अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित होगी।
- 5. संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्षी दलों के बीच समन्वय जारी रहेगा। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में प्रतिदिन सुबह एक समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी।

### बैठक में गूंजा कॉकरोच पार्टी का नाम

बैठक में सिर्फ चुनावी रणनीति नहीं बनी, बल्कि कॉकरोच जनता पार्टी का भी जिक्र हुआ। कई नेताओं ने माना कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जो भी आंदोलन चल रहे हैं, उन्हें समर्थन मिलना चाहिए। शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने खास तौर पर कॉकरोच जनता पार्टी का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि सीजेपी के संस्थापक मराठी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन युवाओं के बीच तेजी से फैल रहा है और उनकी आवाज बन रहा है। युवाओं के अंदर जो गुस्सा और निराशा है, कॉकरोच जनता पार्टी उसे एक जगह इकट्ठा करने का काम कर रही है। बैठक में मौजूद नेताओं ने यह भी माना कि इस वक्त एक ऐसी जगह बन रही है जहां युवा अपनी बात खुलकर कह सकते हैं। नेताओं का कहना था कि कॉकरोच जनता पार्टी उसी जगह को भरने की कोशिश कर रही है। यानी जहां राजनीतिक पार्टियां युवाओं तक नहीं पहुंच पा रहीं, वहां कॉकरोच जनता पार्टी जैसे आंदोलन पहुंच रहे हैं।




# ऑपरेशन सिंदूर के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा को वीर चक्र

## 3 आतंकी ढेर करने वाले कर्नल को मिला शौर्य चक्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह में 7 कीर्ति चक्र, 15 वीर चक्र और 29 शौर्य चक्र प्रदान किए। सम्मान पाने वालों में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा भी रहे, जिन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया। वहीं, एलओसी पर 3 आतंकियों को मार गिराने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल नितेश भारती शुक्ला भी शामिल है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में सैन्य अभियान के दौरान बहादुरी दिखाने वाले मेजर आदित्य प्रताप सिंह को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान साहस दिखाने वाले पुलिस अधिकारी लक्ष्मण केवट और रामेश्वर प्रसाद देशमुख को भी यह सम्मान मिला। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। 4 राष्ट्रीय राइफल्स के शहीद लांस दफादार बलदेव चंद को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह में यह वीरता पुरस्कार उनकी पत्नी और मां को प्रदान किया। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा को वीर चक्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान उड़ाते हुए पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले में हिस्सा लिया था। इस अभियान में दिखाई गई बहादुरी के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। मनीष अरोड़ा इससे पहले शौर्य चक्र भी प्राप्त कर चुके हैं। 7 पैरा स्पेशल फोर्सेज के मेजर आशीष कुमार को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। नवंबर 2024 में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान उन्होंने ऑपरेशन का नेतृत्व किया। उनकी अगुआई में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया और अभियान पूरा किया।

## आंधी में एयर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार शाम तेज आंधी-बारिश के बीच एयर इंडिया के तीन विमानों को हुए नुकसान की जांच नागर विमानन महानिदेशालय ने शुरू कर दी है। डीजीसीए ने सोमवार को एक बयान में बताया कि कल हुई इस घटना में दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर पार्क एयर इंडिया के तीन ए320 विमानों को नुकसान पहुंचा है। विमानों को ग्राउंड उपकरण और हवा के साथ उड़कर आयी किसी चीज के टकराने से नुकसान हुआ है। नागर विमानन नियामक के अनुसार, तेज हवाओं के कारण बगल से स्टैंड में रखे दो ग्राउंड उपकरण अपने स्थान से चलने लगे और दो अलग-अलग विमानों से टकरा गये जिससे उन्हें नुकसान पहुंचा है।

## एक लाख संविदाकर्मियों का वेतन बढ़ा

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के एक लाख से अधिक संविदा अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी होगी। वित्त विभाग ने सोमवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। एक अप्रैल 2026 से उनके पारिश्रमिक में 4.46 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लागू होगी। संविदा अधिकारी-कर्मचारी संघ का दावा है कि इससे कर्मचारियों के वेतन में हर महीने करीब 1 हजार से 3800 रुपए तक का इजाफा होगा। संविदा अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में बढ़ोतरी का लाभ कर्मचारियों को मिलेगा।

## टीएमसी नेता जहांगीर खान नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को टीएमसी नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 एफआईआर की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है।

## ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना से समुद्र में बढ़ेगा भारत का प्रभुत्व



**नई दिल्ली (वार्ता)।** दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक के निकट प्रस्तावित ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना से समुद्र में भारत का प्रभुत्व बढेगा और उसकी सामरिक तथा आर्थिक क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। रक्षा सूत्रों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने, व्यापारिक अवसंरचना का विस्तार करने तथा क्षेत्रीय विकास को समर्थन देने में इस परियोजना को बेहद महत्वपूर्ण बताया है। सरकार ने ग्रेट निकोबार द्वीप के समग्र विकास की परिकल्पना चार परस्पर जुड़ी अवसंरचना परियोजनाओं के माध्यम से की है जिनमें एक अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, मिश्रित उपयोग वाला हरित क्षेत्र हवाई अड्डा एवं नौसैनिक वायु स्टेशन, एक आधुनिक शहर तथा एक विद्युत संयंत्र शामिल हैं। रक्षा सूत्रों के अनुसार, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों और समुद्री संचार मार्गों के निकट होने के कारण यह परियोजना भारत के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री और आर्थिक केंद्रों में से एक के रूप में उभरने की क्षमता रखती है। रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिक्स डिग्री चैनल से मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्रेट निकोबार, अदन की खाड़ी और मलक्का जलडमरूमध्य को जोड़ने वाले समुद्री गलियारे पर स्थित है।

## इंदौर में आज से शुरू होगा ब्रिक्स देशों का सम्मेलन

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में मंगलवार को ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बड़े आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि ब्रिक्स की शुरुआत 2006 में हुई थी और आज 11 सदस्य देशों व 10 साझेदार देशों के साथ यह विश्व के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक बन गया है। वैश्विक दृष्टिकोण से यह समूह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया की लगभग 42 प्रतिशत कृषि भूमि, 68 प्रतिशत कृषि जोतें और करीब 42 प्रतिशत खाद्य उत्पादन इन्हीं ब्रिक्स देशों के पास है।

## ममता बनर्जी को लगा एक और बड़ा झटका

### पार्टी के 20 बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर एनडीए को दिया समर्थन

**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। विधानसभा चुनाव के बाद से ही उन्हें एक बाद के एक सियासी झटके लग रहे हैं। एक तरफ जहां, शिक्षा समेत कई घोटालों में भतीजे अभिषेक बनर्जी केंद्रीय जांच एजेंसियों के निशाने पर हैं। वहीं पार्टी के 80 में से 58 विधायक विधानसभा में अपना अलग गुट बना चुके हैं। विधायकों के बाद अब सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ने का फैसला कर लिया है। पार्टी के 20 लोकसभा सांसद बागी हो गए हैं, उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर सत्ताधारी एनडीए का सहयोगी बनने की इच्छा जाहिर की है। पार्टी के सांसद काकोली घोष दस्तीदार का कहना है कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर हुई मीटिंग के बाद उन समेत 20 सांसदों ने एनडीए को सपोर्ट करने का फैसला लिया है।



उन्होंने कहा कि वे पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों को स्वीकार करते हैं और साथ ही ऐसा मानते हैं कि उनका राजनीतिक भविष्य एनडीए के साथ अधिक सुरक्षित है। इस बैठक में काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरूप चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, असित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनर्जी समेत अन्य सांसद मौजूद रहे।

# हितग्राही को बैंक से सब्सिडी और ऋण दिलाने में भी करें सहयोग

## पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में बोले मुख्यमंत्री

भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा उद्यम व स्वरोजगार योजना में दी जाने वाली सब्सिडी व ऋण सहायता सुलभ व समय में देकर उसके उपयोग की मॉनीटरिंग भी की जाये। विभाग अपनी विभागीय प्रक्रिया को पूर्ण कराने के अलावा संबंधित हितग्राही को बैंक से समुचित सब्सिडी/ऋण दिलाने में भी हितग्राही का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को सरकार द्वारा दी जा रही छात्रवृतियां उसी वर्ष तय तारीख तक आवश्यक रूप से वितरित कर दी जाये, जिस वर्ष में वह छात्रवृत्ति देय है। विभागीय अधिकारी इसके लिए स्कूल शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय करके काम करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ देना होना चाहिए। उद्देश्य पूर्ति के लिये किसी भी तकनीकी समस्या या अन्य प्रक्रियात्मक त्रुटियों का तत्काल समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी प्रकार की वक्फ संपत्तियों की प्रविष्टियाँ केंद्र सरकार द्वारा संचालित उम्मीद पोर्टल पर आवश्यक रूप से की जाए तथा वक्फ संपत्तियों से संबंधित भूमि विवादों के निराकरण के लिए लगातार मॉनीटरिंग कर उनका सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि उम्मीद पोर्टल में वक्फ सम्पत्तियों की प्रविष्टियों के मामले में मध्यप्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय लंबित घोषणाओं को प्राथमिकता से पूर्ण कर लिया जाए। विभागीय जांच निर्धारित समय सीमा में पूरी कर समुचित निराकरण करें। सभी निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मासिक/मासिक अंतराल पर विस्तृत समीक्षा कर उन्हें समय सीमा में ही पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सभी विभागीय योजनाओं की जरूरतमंदों/आवेदकों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक वर्चुअल वॉयस असिस्टेंस टूल विकसित किया जा रहा है। साथ ही डिजिटल मार्केटिंग फॉर प्रमोटिंग डिपार्टमेंटल एक्टिविटी के तहत विभाग डिजिटल मार्केटिंग के जरिए विद्यार्थियों को एमपी ऑनलाइन के जरिए जागरूक भी कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस विभागीय नवाचार को एमपी ई-सेवा पोर्टल से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि ओबीसी सहित अन्य सभी वर्ग के विद्यार्थियों को उनके लिए संचालित रोजगारपरक एवं स्वरोजगार स्थापना से जुड़ी योजनाओं की जानकारी का लाभ मिल सके।

# उमस करा रही जमकर अपना अहसास बादलों की लुकाछिपी में बारिश की आस

## तापमान में फिर उछाल, तेज गति से चल रही पश्चिमी हवाएं



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संस्कारधानी में सप्ताह की शुरुआत में ही लोगों को तेज उमस और गर्मी से बेहाल कर दिया। सोमवार सुबह से ही आसमान में बादलों की लुकाछिपी का दौर चलता रहा, लेकिन इससे राहत मिलने के बजाय उमस और बढ़ गई। बादल सिर्फ थोड़ी देर के लिए आते और चले जाते सूरज और बादलों के इस खेल के बीच पारे में एक बार फिर उछाल दर्ज किया गया है, जिसने नागरिकों को बेहाल कर दिया है। पिछले कुछ दिनों की तुलना में सोमवार को तेज गर्मी और चिपचिपाती उमस का दोहरा अटैक देखने को मिला, जिससे लोग दिनभर बेचैन नजर आए।

### फिर बढ़ रहा पारा

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को जबलपुर का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम अपमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । हवा में नमी की अधिकता के कारण यह तापमान सामान्य से कहीं ज्यादा चुभने वाला महसूस हो रहा है। दोपहर के वक्त सड़कों पर आवाजाही बेहद कम रही और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। तेज गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेयों और गमछे का सहारा लेते दिखाई दिए। फिलहाल शहर में 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से राजस्थान से आने वाली पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, लेकिन इन हवाओं में ठंडक न होने के कारण ये भी राहत देने में नाकाम साबित हो रही हैं।

### बरसात का इन्तजार अभी भी कायम

इस झुलसाती गर्मी और उमस के बीच अब शहरवासियों को बरसात का बेसब्री से इंतजार है। हर कोई आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठा है कि कब झमाझम बारिश हो और इस तपन से निजात मिले। वातावरण में बनी इस भारी उमस के कारण स्थानीय स्तर पर बादलों के विकसित होने की संभावना बढ़ गई है। इसके चलते जिले में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने की उम्मीद जताई गई है।

# 2 सांडों की लड़ाई में तहस-नहस हुए सड़कों पर जमे ठेले-टपरे

## इंद्रा मार्केट क्षेत्र का मामला, नगर निगम पर लापरवाही के आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिविल लाइन स्थित इंद्रा मार्केट में विगत शाम 2 सांडों की लड़ाई के कारण करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग जान जोखिम में डालकर वहां से निकलते नजर आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इंद्रा मार्केट और एसपी ऑफिस के बीच सड़क पर 2 सांड आमने-सामने भिड़ गए। दोनों के बीच सींग से सींग भिड़ाकर



काफी देर तक संघर्ष चलता रहा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान ट्रैफिक पूरी तरह से थम गया।

### चपेट में आया स्कूटी चालक

इस दौरान एक स्कूटी चालक भी सांडों की लड़ाई की चपेट में आ गया। जिसे देखकर तुरंत मौके पर मौजूद लोगों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में आवारा मवेशियों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में आए दिन मवेशियों के कारण हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोहलपुर, रसल चौक, इंद्रा मार्केट और गोकलपुर रोड जैसे क्षेत्रों में रात के समय आवारा मवेशियों की संख्या और बढ़ जाती है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# सीनियर सिटीजन क्लब में पहुंचे कलकत्ता के टीवी कलाकार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सीनियर सिटीजन क्लब में सोमवार को कलकत्ता के टीवी कलाकार अंजन कुमार और उनके बोलते पुतलों का रोचक और दिल लुभाने वाला कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



अंजन कुमार अपने पुतले से बोलते हैं बताओ जबलपुर कब आए, पुतला बोलता है बडड़े करके बात करो जो जबलपुर की भाषा है फिर पुतला बोलता है, आरती जायसवाल, रश्मि श्रीवास्तव, प्रभा बच्चन, राजकुमारी रैकवार ने पुतले से पूछा तुम बोलते कैसे हो पुतले ने हँसते हुए जवाब दिया जैसे तुम बोलते हो, बहुत ही मजेदार भाषा में आधे घंटे तक सबका मनोरंजन किया। इस अवसर पर संयोजक जादूगर एस के निगम ने अंजन कुमार के जबलपुर से संबंध का जिक्र किया और धन्यवाद दिया। इस बीच और भी कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। संचालन जसबीर चोपड़ा, ऋषि रैकवार ने किया।

# जीवन की औषधि है पुस्तक का ज्ञान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

साहित्यिक सामाजिक संस्था काव्य कलश के तत्वावधान में अर्चना गोस्वामी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वही शुभ मंगल भाव कवयित्री अर्चना गुदालु ने रखे समारोह में नगर के पांच साहित्यकार की पुस्तकों पर समीक्षा चर्चा की गई। जिसमें आचार्य संजीव वर्मा सलिल की कृति जंगल में जनतंत्र, विजय बागरी की कृति महके नेह निकुंज, नवीन चतुर्वेदी की कृति सुनो धनंजय, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी की कृति अब पछताए होत का, पुष्पा गुप्ता प्रांजलि की कृति कुंडलिया कुंज की समीक्षा क्रमशः सुरेंद्र पवार, डॉ.श्रीकांता अवस्थी,सुवीर श्रीवास्तव, डॉ कौशल दुबे, राजकुमार महोबिया द्वारा की गई कृतिकार का परिचय डॉ विनीता पांडेय विनीत, कृष्णा राजपूत,नीता सिंह, अर्चना




मलैया, अभय तिवारी ने दिया। इसी क्रम में समीक्षाकार का परिचय क्रमशः विजेंद्र उपाध्याय, मिथलेश नायक, डॉ लक्ष्मी दीक्षित, योत्सना शर्मा, सुभाष मणी बैरागी ने दिया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार इंजी विनोद नयन ने कहा कि पुस्तक ज्ञान जीवन की औषधि है इनका अध्ययन समाज को संस्कारित करता है यह आयोजन एक नवाचार के रूप में किया गया जिसमें समीक्षकों ने सभी पुस्तकों पर एक से बढ़कर एक कथन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ विनोद बाजपेई, अमरेंद्र नारायण सिंह, डॉ अनामिका तिवारी, निर्मला तिवारी, दीप्ति गर्ग, डॉ भावना दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# शैलेन्द्र बारी पुनः बने शिवसेना के उपराज्य प्रमुख

**जबलपुर ।** शिवसेना संगठन ने मप्र में संगठनात्मक विस्तार के लिए शैलेन्द्र बारी पुनः मप्र राज्य उप प्रमुख पद पर नियुक्त किया । यह नियुक्ति पार्टी नेतृत्व की सहमति



और अनुशंसा के आधार पर की गई है। शिवसेना राष्ट्रीय प्रमुख एकनाथ शिंदे एवं सुरेश गूजर, ठाणेश्वर महावर की अनुशंसा पर प्रदेश प्रमुख राजू चतुर्वेदी द्वारा शैलेन्द्र बारी को नियुक्त करते हुए संगठन के प्रति संगठनात्मक कार्य करने का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर सुरजीत सैलू पटेल, गजानंद गुप्त, मुकेश सराठे, सुधीर ताम्रकार, भवानी शंकर सतनामी आदि शिवसैनिकों ने बधाई दी।

# आमजनों की समस्याओं को सुलझाने में नगर निगम आया अव्वल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों का नागरिकों की पूर्ण संतुष्टि के साथ निराकरण करने के लिए जबलपुर नगर निगम को शासन द्वारा प्रशंसा उत्कृष्ट अवार्ड दिया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर जबलपुर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और उनकी पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। जबलपुर नगर निगम न केवल जनसमस्याओं को सुन रहा है, बल्कि उन्हें धरातल पर



हल कर आम जनता का दिल भी जीत रहा है। इस दौरान निगमायुक्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल शिकायत बंद करना नहीं, बल्कि नागरिक को संतुष्ट करना है। यह सम्मान हमें आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देगा। मध्य प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के बीच जबलपुर नगर निगम ने अपने बेहतरीन परफॉर्मेंस से यह विशिष्ट स्थान हासिल किया है। निगमायुक्त ने जबलपुर नगर निगम की पूरी टीम को इस गौरवपूर्ण सम्मान के लिए हार्दिक बधाई दी है।

# लोहे से भरा ट्रक पलटा, राहगीरों के लिए काल बनी नागा घाटी

## चालक-कंडक्टर हुए घायल, एनएचएआई पर उठे सवाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी नागा घाटी में लगातार हो रहे हादसों को लेकर स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश है। वहीं वाहन चालक भी घाट से उतरते और चढ़ते समय सहमे रहते हैं। इधर बरेला थाना क्षेत्र की नागा घाटी के पास सोमवार दोपहर एक बार फिर ट्रक हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि रायपुर से लोहा लेकर जबलपुर की ओर आ रहा ट्रक घाटी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में चालक और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ट्रक में भरा लोहा सड़क किनारे बिखर गया।



सूचना मिलते ही बरेला थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा।

**एनएचएआई को बताया जिम्मेदार** -हादसों को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं के लिए एनएचएआई जिम्मेदार है। उनका आरोप है कि सड़क का डिजाइन इस तरह बनाया गया है, जिससे भारी वाहन अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।स्थानीय निवासी आशीष कुमार शुक्ला ने बताया कि एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ और ट्रक सड़क किनारे जा घुसा। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन चालक और कंडक्टर को गंभीर चोटें आई हैं।

उन्होंने कहा कि एनएचएआई और जिला प्रशासन को कई बार इस संबंध में जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजतन, यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। कुछ स्थानों पर एनएचएआई ने स्पीड ब्रेकर बनाए हैं, लेकिन और ब्रेकर बनाए जाने की जरूरत है, ताकि वाहनों की रफ्तार नियंत्रित हो सके।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में समर कैम्प का शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पमरे जबलपुर मंडल के द्वारा 8 जून से 17 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ वरुण चतुर्वेदी, सचिपति नंदन के द्वारा किया गया। इस कैम्प लगभग 95 बच्चे भाग ले रहे है। समर कैम्प में फोक डांस और एक्टिंग संजय



पांडे, स्टेज क्राफ्ट और मेकअप तरुण ठाकुर, वोकेशनल और हैंडीक्राफ्ट अंजलि राउत, केरल मार्शल आर्ट अमित सुदर्शन, फ़ोटोग्राफ़ी सुनील विश्वकर्मा, सेमी क्लासिक्स डांस राधा बर्मन, मुक्ति शर्मा के द्वारा सिखाया जाएगा। मण्डल के अनिल चौबे, विमलेश तिवारी, आशीष सोनकर, अब्दुल वज़ीद मंसूरी के द्वारा समर कैम्प का संचालन किया जा रहा है ।

# कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार और संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ग्रामीण एसडीएम को तीन दिनों के भीतर उड़द और मूंग की



गिरदावली का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि 15 जून की अंतिम तिथि से पहले किसानों का पंजीयन सुचारू रूप से हो सके। जिले में खाद और डीएपी की उपलब्धता एवं उठाव की भी समीक्षा की।

# लगातार 100 दिनों तक बिजली उत्पादन कर संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन ने रचा इतिहास

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी थर्मल पॉवर स्टेशन बिरसिंगपुर स्टेशन की यूनिट नंबर 3 ने 27 फरवरी से बिना रुके लगातार 100 दिनों तक बिजली पैदा करने का स्वर्णिम आंकड़ा छू लिया । कंपनी की कुल 13 उत्पादन इकाइयों ने 100 से अधिक दिनों तक लगातार निर्बाध बिजली उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया था। इस शानदार ट्रैक रिकॉर्ड में अकेले संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का दबदबा रहा जहां इसी यूनिट-3 ने पहले भी एक बार यह मुकाम हासिल किया था, वहीं स्टेशन की यूनिट-4 दो बार और यूनिट-5 ने एक बार इस ऐतिहासिक उपलब्धि को अपने नाम दर्ज कराया था। इस रिकॉर्ड परिचालन अवधि के दौरान यूनिट ने 89.18 प्रतिशत का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर बनाए रखा, इसके साथ ही इकाई ने 80.07 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर दर्ज कर अपनी वास्तविक उत्पादन क्षमता के कुशल उपयोग का लोहा मनवाया। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस गौरवमयी उपलब्धि पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम की सराहना की और डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने उपलब्धि को टीम के आपसी तालमेल, सक्रिय कार्यप्रणाली और संकट के समय त्वरित फैसलों का नतीजा बताया । बैठक में आगामी 12 से 18 जून के बीच प्रत्येक विकासखंड और



नगरीय निकाय मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 'जनकल्याण शिविरों' की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मॉनसून के मद्देनजर बाढ़ व आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों का जायजा लिया और पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए हैंडपंपों पर किए गए निजी अतिक्रमणों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए विभागवार ग्रेडिंग सुधारने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने शहर के तालाबों का सीमांकन कर अतिक्रमण चिन्हित करने, सांदीपनि विद्यालय का निर्माण सत्र शुरू होने से पहले पूरा करने, स्कूलों में प्रवेश उत्सव की तैयारियां करने और पात्रता पर्ची, संबल योजना व समग्र आईडी के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में नजूल पट्टों के नवीनीकरण, कृषि उपज भुगतान की शिकायतों और पटाखा फैक्ट्रियों की जांच को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिये।

# युवतियों को ब्लैकमेल करने वाले शातिर ठग को बेंगलुरु से उठा लाई पुलिस

## सोशल मीडिया पर बनाता था निशाना, मिले कई फर्जी दस्तावेज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

फर्जी आधार कार्ड व अन्य आईडी के माध्यम से सोशल मीडिया और मैट्रिमोनियल साइट्स पर युवतियों को शादी का झांसा देकर फंसाने वाले एक शातिर ठग को जबलपुर पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। यह ठग गिरगिट की तरह नाम और सरकारी दस्तावेज बदल लेता था। वहीं युवतियों के न्यूड वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता था। बिहार के रहने वाले इस आरोपी (जिसका असली नाम ओम प्रकाश बताया जा रहा है) के पास से पुलिस को अलग-अलग नाम वाले फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं। यह बहुरूपिया बड़ी ही चालाकी से देश के अलग-अलग राज्यों की सीधी-सादी युवतियों को प्रेम जाल में फंसाता था और उनसे



शादी के झूठे वादे करता था। इस शातिर अपराधी का शिकार बनी जबलपुर की एक युवती, जिसने मार्च 2026 में इसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शादी डॉट कॉम पर खुद को आदित्य सिंह नाम का बड़ा बिजनेसमैन बताकर आरोपी ने युवती का भरोसा जीता। इसके बाद वह जबलपुर के होटलों में उसे ले गया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। गंदा खेल यहीं खत्म नहीं हुआ; आरोपी ने चुपके से युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए और फिर व्हाट्सएप कॉल के जरिए लाखों रुपये ऐंठने के लिए ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। लोक-लाज के डर से पीड़ित ने शुरुआत में सब छुपाया, लेकिन पानी सिर से ऊपर जाने पर उसने हिम्मत जुटाकर अपने परिवार को सच बताया।

### पहले से शादीशुदा आरोपी

कहानी में मोड़ तब आया जब रेलवे पुलिस ने पहले इसे कटनी स्टेशन पर पकड़ा था, लेकिन तब केवल फोटो और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आने की वजह से इसे नोटिस देकर छोड़ दिया गया। बाद में जब पीड़ित ने मई 2026 में दोबारा महिला थाने पहुंचकर पूरी सच्चाई बताई, तो पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 और 319 के तहत मामला दर्ज किया। जांच में पता चला कि आरोपी का मोबाइल नंबर और आधार दोनों फर्जी थे। यही नहीं, आरोपी पहले से शादीशुदा हैं और साल 2022 में गोराबाजार थाने के एक ऐसे ही मामले में इसकी पत्नी रेणू भी इसकी सह-आरोपी थी। आखिरकार साइबर सेल की मदद से पुलिस ने जाल बिछाया और बेंगलुरु में छिपे इस शातिर को दबोचकर ट्रांजिट रिमांड पर जबलपुर ले आई।

# बोर्ड एग्जाम में कैसे पाएं अंग्रेजी में टॉप मार्क्स

**अक्सर कई छात्र यह मान लेते हैं कि अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक लाना कठिन होता है। लेकिन सच यह है कि यदि सही रणनीति और नियमित अभ्यास के साथ तैयारी की जाए, तो अंग्रेजी में भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।**




अंग्रेजी एक ऐसा विषय है जिसमें समझ, अभ्यास और प्रस्तुति तीनों का विशेष महत्व होता है, इसलिए बेहतर प्लानिंग के साथ तैयारी करें तों आपके अच्छे मार्क्स आने से कोई नहीं रोक सकता। व्याकरण (ग्रामर) अंग्रेजी में अच्छे अंक दिलाने का मजबूत आधार है। टेन्स, वॉइस, नरेशन, माडल्स, प्रीपॉजिशन्स जैसे विषयों का नियमित अभ्यास करें। व्याकरण के प्रश्न अभ्यास से ही मजबूत होते हैं। प्रतिदिन कुछ समय व्याकरण के लिए निर्धारित करने से गलतियां कम होती हैं और हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। व्याकरण अंग्रेजी में अच्छे अंक प्राप्त करने की महत्वपूर्ण कुंजी है।




***सिलेबस को समझना जरूरी***- सबसे पहले छात्रों को सिलेबस और परीक्षा पैटर्न को अच्छी तरह समझना चाहिए। यह जानना आवश्यक है कि प्रश्न पत्र में कौन-कौन से खंड आते हैं, किस भाग से कितने अंक के प्रश्न पूछे जाते हैं और किन विषयों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अध्ययन करने से परीक्षा की प्रवृत्ति समझने में मदद मिलती है।

## गत वर्षों के हल करें प्रश्नपत्र

परीक्षा से पहले मॉडल पेपर और पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र समय सीमा में हल करें। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और समय प्रबंधन की कला विकसित होती है। नियमित तौर पर मॉक टेस्ट देने से परीक्षा का डर कम होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। बोर्ड एग्जाम में अक्सर गत वर्षों के सवाल रिपीट भी होते हैं। इन प्रश्नपत्रों को हल करने से हमारा समय भी बचता है और आत्मविश्वास भी। अंततः, अंग्रेजी में टॉप मार्क्स पाने का कोई शॉर्टकट नहीं है। नियमित अध्ययन, निरंतर अभ्यास, सही प्रस्तुति और आत्मविश्वास ही सफलता का मार्ग हैं। जो छात्र प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा समय अंग्रेजी को देते हैं, वे बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सकते हैं।

## कविता और गद्य दोनों को दें महत्व

अंग्रेजी में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन बहुत महत्वपूर्ण है। पाठों की मुख्य बातें, कठिन शब्दों के अर्थ, प्रश्नोत्तर और लेखकों के बारे में जानकारी अवश्य तैयार करें। कविता और गद्य दोनों भागों को समान महत्व दें। कई बार छात्र केवल प्रश्नोत्तर याद करते हैं, जबकि पाठ को समझना अधिक आवश्यक होता है। केवल रटने की बजाए विषयवस्तु को समझने से उत्तर लिखना आसान हो जाता है।

## राइटिंग स्किल्स पर दें ध्यान

बोर्ड एग्जाम में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए लेखन कौशल (राइटिंग स्किल्स) पर विशेष ध्यान दें। पत्र लेखन, अनुच्छेद, ई-मेल, नोटिस, रिपोर्ट और लेख लिखने का नियमित अभ्यास करें। लिखते समय सही प्रारूप, सरल भाषा और स्पष्ट विचारों का प्रयोग करें। बोर्ड परीक्षाओं में सही फॉर्मेट के अंक भी मिलते हैं। साफ सुथरी लिखावट और व्यवस्थित प्रस्तुति परीक्षक पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।




# डिजिटल इंडियाः कतारों से क्लिक तक का सफर

**कल्पना कीजिए एक ऐसे दिन की, जब आपको बिजली का बिल जमा करने, बैंक का काम करने या किसी सरकारी सेवा का लाभ लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े। आज डिजिटल इंडिया के कारण यह कल्पना हकीकत बन चुकी है।**



डिजिटल इंडिया ने तकनीक को आम लोगों के जीवन का हिस्सा बना दिया है। अब लोग अपने मोबाइल फोन के माध्यम से पैसे भेज सकते हैं, ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं, सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और घर बैठे कई आवश्यक सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

यह पहल केवल इंटरनेट और मोबाइल तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन को सरल, तेज और सुविधाजनक बनाने का एक प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल सुविधाओं के विस्तार ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। किसान मौसम की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, छात्र ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ रहे हैं और छोटे व्यापारी डिजिटल भुगतान के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं। हालाँकि डिजिटल विकास के साथ साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता जैसी चुनौतियाँ भी हैं, लेकिन जागरूकता और सही उपयोग से इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

डिजिटल इंडिया केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एक ऐसे भारत की नींव रख रहा है जहाँ अवसर, जानकारी और सेवाएँ हर नागरिक की पहुँच में हों।

**- अलीशा मोनिका**
**शिक्षिका, हितकारिणी**
**चिल्ड्रंस एकेडमी**
**डुमना (जबलपुर)**

# अंग्रेजी विषय को आसानी से कैसे पढ़ाएं



## अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने में आने वाली कठिनाईयां

अंग्रेजी व्याकरण को सन्दर्भ रहित पढ़ाने से छात्र के मन पर भार पड़ता है, अतः अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने का सबसे उचित तरीका कहानी के द्वारा ही माना गया है। प्रारंभिक स्तर पर ग्रामर के नियम स्पष्ट रूप से समझाने चाहिए। विद्यार्थियों से व्यक्तिगत प्रश्नों का अभ्यास करना चाहिए ताकि उनमे त्वरित उत्तर देने की क्षमता का विकास हो सके। वाक्यों के विन्यास समझाने के लिए मातृभाषा का उदहारण देना चाहिए। दोनों भाषाओं के समान्तर वाक्य देने से छात्र को जल्दी समझ में आ सकेगा। शिक्षक को ग्रामर ट्रांसलेशन विधि एवं सिचुएशनल मैथड दोनों का मिश्रण कर अंग्रेजी व्याकरण का अध्यापन कराना चाहिए।

## ख़राब लिखावट

शिक्षक के लिए सबसे ज्यादा समस्या छात्रों की ख़राब लिखावट से होती है। कुछ बातों को व्यवहार में लाने पर छात्रों की लिखावट में सुधार करवाया जा सकता है। सर्व प्रथम शिक्षक को बोर्ड पर सुन्दर तरीके से लिखना चाहिए ताकि छात्र के मन में अच्छी एवं सुन्दर लिखावट लिखने की इच्छा जाग्रत हो। कुछ छात्र पेन को सही ढंग से नहीं पकड़ते हैं शिक्षक को इस बात पर निगाह रखना चाहिए एवं व्यक्तिगत रूप से जाकर पेन पकड़ने का सही ढंग समझाना चाहिए। छात्रों को अक्षरों के आकार से अच्छे तरीके से परिचित कराना चाहिए क्योंकि कुछ बच्चों को अक्षरों के आकर समझने में कठनाई होती है जैसे **(b-d), (u-n), (m-w), (q-p)** इन अक्षरों का निरंतर लिखवाने का अभ्यास कक्षा में करवाना चाहिए। उन्हें अच्छी एवं सुन्दर लिखावट के नियम समझाना चाहिए।

01- वाक्य की शुरुआत कैपिटल लेटर से होनी चाहिए।
02- वाक्य के अंत में पूर्ण विराम होना चाहिए।
03- वाक्य में दो शब्दों के बीच में नियमित अन्तराल होना चाहिए।
04- प्रश्न वाचक एवं विस्मियादी बोधक वाक्यों में अंत में सम्बंधित चिन्ह का प्रयोग किया जाना चाहिए।
05- छात्रों के लिखते समय हाथों की गति एवं स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।
06- सबसे अच्छी लिखावट का प्रदर्शन सभी छात्रों के समक्ष करना चाहिए।
07- लिखावट की प्रतियोगिता रखनी चाहिए एवं सुन्दर लिखावट वाले छात्रो को पुरुष्कृत करना चाहिए ताकि छात्रों के मन में सुन्दर लिखावट बनाने की इच्छा जाग्रत हो सके।

अध्यापकों को अंग्रेजी पढ़ाने के आसान तरीके की सही जानकारी न होने के कारण बच्चे अक्सर कक्षा में अंग्रेजी से दूर भागते हैं। अंग्रेजी सीखने के प्रति उनका उत्साह नगण्य रहता है। इसका मुख्य कारण सीखने की क्रिया में उनकी सहभागिता का न होना है। ऐसी स्थिति में शिक्षक को निम्न प्रक्रियाएं अपनानी चाहिए। कक्षा में अंग्रेजी के वातावरण का निर्माण करना चाहिए। पाठ योजना को प्रभावी बनाने के लिए उसमे विविधता होनी चाहिए। कक्षा में शिक्षक को ये सुनिश्चित करना चहिये की प्रत्येक छात्र पाठ में सहभागी बने। विद्यार्थियों को अपने मन से प्रश्न बनाने, चित्र तैयार करने, पोस्टर निर्माण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। छात्रों को मौखिक अभ्यास में संकेत देना, कविता को गाकर मनोरंजक तरीके से पढ़ाना एवं गद्य को नाट्यरूपांतर करके पढ़ाने से छात्रों में रूचि जाग्रत होगी। पाठ्य योजना में तीव्रता रखनी चाहिए जिससे छात्रों के अंदर यह भावना जाग्रत होगी की हम पाठ में आगे बढ़ रहे हैं। अगर छात्र उत्तर नहीं दे पा रहे हैं तो योग्य छात्रों से उत्तर निकलवाएँ एवं कुछ देर बाद पुनः कमजोर छात्रों से उत्तर पूछें। जब विद्यार्थियों को उत्साहित कर रहे हों तो उनकी गलतियां न निकाले उनकी गलतियों को दिमाग में रखे और फिर किसी दूर दिन आगे के पाठों में उनका सुधार करवाएं। बच्चों को प्रोत्साहित करें उनकी छोटी छोटी सफलताओं पर शाबासी दें एवं मूल्यांकन करते समय उनकी गलतियां बताते हुए हौसलाअफजाई करें। उनसे कहे तुम्हारा आज का कार्य कल से बहुत अच्छा है। कक्षा में सामान्य बातचीत जो छात्र हिंदी में करते हैं उन्हें उसे अंग्रेजी में बोलने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें बताएं की उन बातों को अंग्रेजी में काम शब्दों एवं सरल वाक्यों में हम अपनी बात कह सकते हैं। अगर पूर्व प्रयासों से छात्रों का मन पाठ में न लग रहा हो तो पाठ बंद कर उनके मन की बात शुरू करें एवं उन बातों को अंग्रेजी के सरल वाक्यों में बदल कर उन्हें बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।




## कक्षा में छात्रों का असंयमित व्यवहार

ऐसा देखने में आया है की अंग्रेजी के कालखण्ड में कक्षा में छात्रों का व्यवहार दूसरे कालखंडों की अपेक्षा ज्यादा असयंमित होता है इस का मुख्य कारण छात्रों का अंग्रेजी के प्रति लगाव न होना एवं अंग्रेजी सीखने के प्रति अरुचि प्रमुख है। ऐसे समय शिक्षक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। सबसे महत्वपूर्ण शिक्षक का व्यवहार एवं आचरण होता है जिसका सीधा प्रभाव कक्षा के अनुशासन पर पड़ता है। शिक्षक स्वयं संयमित आचरण कर छात्रों के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करें। अगर कक्षा में छात्रों का व्यवहार असंयमित हो तो शिक्षक निम्न विधि अपना कर उनपर नियंत्रण कर सकते हैं।

- कक्षा में विद्यार्थियों को व्यस्त रखें।
- छात्रों के बहानों को स्वीकार करें।
- परीक्षा या टेस्ट में शामिल न होने पर उन्हें माफ करें।
- उनकी प्रशंसा करें दुत्कारने या फटकारने उनका विद्रोह बढ़ेगा।
- उनकी योग्यता के अनुरूप ही उनसे अपेक्षा रखें।
- अपनी ओर से उन्हें समझाएं की आप उनसे क्या अपेक्षा रखते हैं।
- सामूहिक प्रश्न न करें।
- जब छात्र बात कर रहे हों तब ऊँची आवाज में न चिल्लाएं न ही पाठ चालू रखें।
- बुरे बर्ताव पर उन्हें डांटे नहीं बल्कि जो अच्छा व्यवहार करते हो ऐसे छात्रों की प्रशंसा करें एवं उन्हें ईनाम दें।

## अंग्रेजी कविता का अध्यापन



भारतीय ग्रामीण परिवेश में अंग्रेजी कविता का अध्यापन बहुत कठिन कार्य है। जब अंग्रेजी की कक्षा में शिक्षक कविता पढ़ाता है तो अधिकांश छात्र उबाऊ वातावरण के कारन कविता पढ़ने के इक्छुक नहीं रहते एवं कक्षा का वातावरण बोझिल रहता है। अंग्रेजी कविता **(poetry)** पढ़ाने के लिए शिक्षक को छात्रोंको कविता से जोड़ना पड़ता है। कविता के शब्दों को छात्रों के भावों से जोड़ने पर **poetry** पढ़ने में बच्चों को आनंद आने लगता है। शिक्षक को अंग्रेजी कविता पढ़ाते समय निम्न विधियां अपनाना चाहिए।

छात्रों के समाने कविता का मधुर स्वर में पाठ करें एवं छात्रों से कहें की वे आँख बंद करके आपकी आवाज का उतार चढ़ाव सुने।

छात्रों से पूछें की इस कविता के भाव कैसे हैं। दुःख भरे, आनंद देने वाले या आध्यात्मिक या अन्य कोई और भाव।

कविता के भावों के बारे में छात्रों से बातचीत करें।

जो शब्द उन भावों को प्रदर्शित करते हों उन शब्दों की व्याख्या भी समझायें।

कविता की प्रत्येक लाइन के बारें में छात्रों से बात करें कविता की लय एवं लयात्मक शब्दों की व्याख्या करें।

पूरी कविता समझने के बाद छात्रों से एक बार कविता का सस्वर पाठ करवाएं एवं उनसे पूछें की उनके पहले के भावों में कोई परिवर्तन आया है क्या?

कक्षा में छात्रों से कविता के ब्बारें में उनके विचार जाने एवं उनके स्वयं के शब्दों में कविता के भाव को ब्लैक बोर्ड पर लिखवाएं।

कक्षा में उस कविता के सामान या अन्य कोई विषय देकर विद्यार्थियों को कविता लिखने के लिए प्रोत्साहित करें एवं अगले दिन उन कवितायों को सुन कर उन्हें पुरस्कृत करें।

## अंग्रेजी के शब्दों का सही उच्चारण करें

छात्र बोलने से पहले सुनता है। शिक्षा का नियम है कि दृष्टिकोण एवं सुनना पहले होता है उसके बाद बोलना या उत्पादन करना होता है। उच्चारण सुधारने के लिये शिक्षकों को कक्षा में सजग रहने की आवश्यकता होती है नहीं तो छात्र गलत उच्चारण सीख कर भविष्य में अत्यंत समस्या मूलक बन जाते हैं। शिक्षक को छात्रों के सामने हमेशा अंग्रेजी के शब्दों का सही उच्चारण करना चाहिए क्योंकि छात्र शिक्षक का ही अनुसरण करता है। इस के लिए शिक्षक को नए शब्दों का प्रयोग करने से पहले उनके उच्चारण जाँच लेना चाहिए। शिक्षक को स्वर, व्यंजन एवं स्ट्रेस के आधार पर नए शब्दों पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं पाठ से पहले उनके अभ्यास कर लेना चाहिए। शिक्षक को वाक्य बोलने का अभ्यास, सही टोन, वाक्य का तनाव एवं बोलने की गति को ध्यान में रख कर करना चाहिए। शिक्षक को तेज गति पठन, व्याकरण सूत्र एवं शब्दकोष पढ़ाते समय शुद्ध उच्चारण आवश्यक रूप से छात्रों के सामने रखने चाहिए। शिक्षक को लुप्त अक्षर लिखते समय उनको चिन्हित कर अच्छी तरह से समझाना चाहिए। इससे स्पेलिंग एवं उच्चारण सीखने में आसानी होगी।




### My Dog

My dog is big, my dog is small,
Sometimes he doesn't come when I call.
He chews my shoe, he chews my sock,
He even tried to chew the clock!
But when I'm sad or feeling blue,
He wags his tail - what can I do?
I love my dog through and through,
And I think my dog loves me too!

### Little Sparrow

Little sparrow, brown and small,
Perching on the garden wall,
Chirping in the morning air,
Your sweet song is beyond compare.
Fly away on tiny wings,
See the joy that freedom brings,
Come back to your nest at night,
When the stars replace the light.




## कक्षा में अंग्रेजी बोलने की कठिनाई कैसे दूर करें

कक्षा में अंग्रेजी बोलने के लिए प्रेरित करना एक बहुत कठिन कार्य है। छात्र अपनी मातृभाषा में बोलने के अभ्यस्त होते हैं अतः अंग्रेजी भाषा बोलना उनको कठिन लगता है। बच्चों को अंग्रेजी बोलने के लिए प्रेरित करने के लिए शिक्षक को स्वयं कक्षा में अंग्रेजी बोलने वाले वक्ता के रूप में खुद को प्रस्तुत करना चाहिए। छात्रों की मातृभाषा का प्रयोग कक्षा में अति आवश्यक होने पर ही करना चाहिए। उनके मातृभाषा में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी अंग्रेजी में देने चाहिए। अगर उन्हें अंग्रेजी के वाक्य समझ में नहीं आ रहे हो तो चित्रों, इशारों एवं चेहरे के भाव द्वारा समझने का प्रयत्न करना चाहिए। छात्रों से प्रश्न करके उसका आदर्श उत्तर उन्हें बताना चाहिए ताकि उन्हें सही उत्तर देने की प्रक्रिया समझ में आ सके। उनकी गलतियों को नोट करते जाएँ एवं बोलने के बीच में न टोकें बाद में उन गलतियों में सुधर करवायें। उन्हें अपने विचार व्यक्त करने के लिए पर्याप्त समय दें जल्दी न करें। जो छात्र बोलने के लिए तैयार न हों उन पर धैर्य रखे जबरदस्ती न करें। गलती करने पर छात्रों की आलोचना न करें बल्कि प्रोत्साहन के साथ गलती में सुधार करें। योग्य छात्रों को बोलने के लिए आगे करें, बोलते समय छात्रों के चेहरे की और एकटक न देखें। समूह बातचीत के लिए प्रोत्साहित करें।

# रेत संकट: बारिश से पहले अधूरे आवास...!

## हितग्राही व किसान मूलक गंभीर मुद्दों पर आज वारासिवनी में बड़ा प्रदर्शन।





बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने पक्के घर का सपना देख रहे हजारों गरीब परिवार इन दिनों गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। जिले में रेत की उपलब्धता नहीं होने और कई मामलों में आवास निर्माण के लिए राशि का पूर्ण भुगतान न होने से करीब 20 हजार आवास अधूरे पड़े हैं। मानसून की दस्तक के बीच अधूरे मकानों में रह रहे हितग्राहियों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक हितग्राहियों ने पुराने कच्चे मकान तोड़कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए मकान का निर्माण शुरू किया था। कई मकानों की दीवारें खड़ी हो चुकी हैं, जबकि कई घरों में छत का काम बाकी है। लेकिन रेत की कमी के कारण निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया है। हितग्राहियों का कहना है कि उन्होंने मजदूरी, कर्ज और अपनी जमा पूंजी के सहारे निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन अब सामग्री की अनुपलब्धता और भुगतान संबंधी समस्याओं ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया है। बरसात शुरू होने पर अधूरे मकानों को नुकसान होने और परिवारों के सामने आवास संकट गहराने की आशंका है।

ग्रामीणों और सरपंचों ने इस समस्या को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की थी, लेकिन अभी तक निराकरण नही हुआ है। वहीं अब वारासिवनी विधायक विवेक पटेल ने मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि पीएम आवास हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर रेत उपलब्ध कराई जाए, ताकि बारिश से पहले निर्माण कार्य पूरा हो सके। विधायक विवेक पटेल ने आरोप लगाया है कि रेत ठेका समाप्त होने के बाद आम लोगों को निर्माण कार्य के लिए रेत नहीं मिल रही है, जबकि प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था करने के बजाय अवैध खनन और परिवहन के नाम पर कार्रवाई में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि बारिश सिर पर है और लोग अपने मकानों का निर्माण एवं मरम्मत नहीं करा पा रहे हैं। रेत की किल्लत के अलावा विधायक ने डीजल-पेट्रोल आपूर्ति से जुड़ी नई पाबंदियों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पेट्रोल पंपों पर डिब्बों या केन में डीजल देने पर रोक लगाए जाने से किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में परेशानी हो रही है। खेतों में खड़े ट्रैक्टर और कृषि मशीनरी तक ईंधन पहुंचाने में कठिनाई हो रही है, जिससे बुआई प्रभावित होने की आशंका है। इन सभी मुद्दो रेत संकट, अधूरे पीएम आवास, किसानों की समस्याओं और डीजल आपूर्ति संबंधी प्रतिबंधों को लेकर विधायक विवेक पटेल आज 9 जून को वारासिवनी में हजारों किसानों और ग्रामीणों के साथ विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। आंदोलन के माध्यम से प्रशासन से त्वरित समाधान और आम जनता को राहत देने की मांग की जाएगी। इधर, खनिज विभाग की ओर से कहा गया है कि रेत आपूर्ति के लिए नई टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है और प्रक्रिया पूरी होते ही रेत उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। फिलहाल मानसून की आहट के बीच हजारों परिवार अपने अधूरे आशियानों और किसानों की नजरें प्रशासनिक फैसलों पर टिकी हुई हैं।

# 72 लीटर अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नवेगांव (ग्रामीण) पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 72 लीटर देशी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी सहित कुल लगभग 1 लाख 12 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 जून 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम गायखुरी से गोंगलई होते हुए कोसमी की ओर एक सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नवेगांव रेलवे अंडरब्रिज के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर वाहन सवार भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुड्डू उर्फ मेहतराम लिल्हारे (32) निवासी गोंगलई तथा अखिलेश बसेने (27) निवासी कोसमी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान स्कूटी में रखी बोरियों से 400 क्वार्टर देशी शराब, लगभग 72 लीटर, बरामद की गई। पुलिस ने शराब एवं स्कूटी जब्त कर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 181/2026 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रमेश जाट सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# झुग्गियां हटाने के विरोध में आप नेता ने कलेक्टर कार्यालय में जड़ा ताला।



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

शहर के वार्ड नंबर 23 में सालों से सरकारी जमीन पर निवास कर रहे झुग्गीवासियों को हटाने की समय सीमा के विरोध में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव ने उग्र प्रदर्शन किया। च्आपज् के प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज पमनानी के नेतृत्व में झुग्गीवासियों ने कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया, जिससे कलेक्टरेड भवन पहुंचना मुश्किल हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। दरअसल, प्रशासन द्वारा झुग्गियों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। मनोज पमनानी का कहना है कि उन्हें करीब 6 से 8 महीने का समय और दिया जाए, ताकि बारिश का समय काटा जा सके। इधर, घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम गोपाल सोनी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने काफी देर तक मनोज पमनानी और वहां मौजूद लोगों को समझाया, जिसके बाद च्आपज् नेताओं ने गेट का ताला खोला। एसडीम गोपाल सोनी ने इस कृत्य पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी कार्यालय का गेट बंद करना और अभद्र व्यवहार करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनोज पमनानी पर नियमानुसार कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने यह भी खुलासा किया कि जब उन्होंने आम आदमी पार्टी के अन्य जिला स्तरीय नेताओं से बात की, तो उन्होंने इस प्रदर्शन से पल्ला झाड़ लिया। पार्टी के अन्य नेताओं का कहना था कि संगठन ने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया था, पमनानी ने यह कदम व्यक्तिगत स्तर पर उठाया है।

# गांव तालाब की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

## हटाने की मांग को लेकर ग्राम सभा आयोजित, तहसीलदार को भेजा जाएगा आवेदन

कटंगी(स्वतंत्र मत)



तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोनकट्टा में गांव के तालाब की शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण के कारण तालाब का क्षेत्र सिकुड़ गया है और वर्षा जल संचयन की क्षमता कम हो गई है। इसके अलावा तालाब का स्वरूप बिगड़ रहा है। इस समस्या के समाधान और तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए सोमवार दोपहर 3 बजे पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में पंचायत सरपंच भीमलता हांडगे, सचिव रामराज उचबगले और रोजगार सहायक प्रवीण झोडे उपस्थित रहे। सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर तालाब की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने और तालाब का सौंदर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए तिरोड़ी तहसीलदार के नाम आवेदन तैयार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब गांव की जीवनरेखा है। अगर अतिक्रमण नहीं हटा तो आने वाले समय में पानी की किल्लत बढ़ जाएगी। बोनकट्टा गांव का तालाब राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। वर्षों से यह तालाब गांव के खेतों की सिंचाई, पशुओं को पानी पिलाने और भूजल स्तर बनाए रखने का मुख्य स्त्रोत रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से गांव के ही कुछ लोगों ने तालाब की किनारे वाली शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अतिक्रमणकारियों ने तालाब की सीमा में मिट्टी डालकर, बाड़ लगाकर और अस्थायी निर्माण कर अपनी जमीन बढ़ा ली है। इससे तालाब का क्षेत्रफल काफी कम हो गया है। बरसात में पानी भरने की जगह कम हो गई है। गांव के एक बुजुर्ग ने कहा कि हमारे बचपन में यह तालाब बहुत बड़ा था। चारों तरफ पेड़ थे। अब अतिक्रमण के कारण तालाब आधा रह गया है। अगर इसी तरह अतिक्रमण बढ़ता रहा तो 10 साल बाद तालाब का नामोनिशान मिट जाएगा। अतिक्रमण की शिकायतें बढ़ने पर पंचायत सरपंच भीमलता हांडगे ने ग्राम सभा बुलाने का निर्णय लिया। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, और युवा उपस्थित हुए। सरपंच भीमलता हांडगे ने सभा की अध्यक्षता की। सचिव रामराज उचबगले ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए मनरेगा और राज्य वित्त आयोग से राशि ली जा सकती है, लेकिन पहले अतिक्रमण हटाना जरूरी है। सभा में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए। जो लोग अतिक्रमण किए हुए हैं उन्हें पंचायत की समझाइश माननी चाहिए। अगर वे नहीं मानते तो प्रशासन को बलपूर्वक कार्रवाई करनी चाहिए।

सरपंच ने कहा कि तहसीलदार महोदय से निवेदन करेंगे कि राजस्व अमले को भेजकर सीमांकन कराया जाए और अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए। यह शासकीय भूमि है, किसी की निजी संपत्ति नहीं है। सभा में उपस्थित लोगों ने चिंता जताई कि तालाब का क्षेत्रफल घटने से गांव में पानी की समस्या बढ़ सकती है। ग्रामीणों के अनुसार पहले तालाब में सालभर पानी रहता था। अब फरवरी आते ही सूख जाता है। इसका कारण अतिक्रमण है। तालाब छोटा हो गया है तो पानी कम भरता है। सरपंच भीमलता हांडगे ने सभा के माध्यम से अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वह स्वेच्छा से तालाब की भूमि खाली कर दें। पंचायत किसी से दुश्मनी नहीं करना चाहती। तालाब पूरे गांव का है। उन्होंने कहा अगर अतिक्रमणकारी खुद कब्जा हटा लेंगे तो पंचायत उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। लेकिन अगर जबरन कार्रवाई करनी पड़ी तो जुमार्ना और दंड दोनों झेलना पड़ेगा।

# मानपुर में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, रोप गए पौधे

मानपुर (स्वतंत्रमत)



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शान द्वारा 5 जून से लेकर 12 जून तक विशेष अभियान चलाकर वृक्षारोपण एवं शासन की अन्य योजनाओं का संचालन किया जाना सुनिस्चित है, जिसके अवसर पर वृक्षा रोपण करना आम जनों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलवाने एवं प्रचार प्रसार करने का प्रावधान है, वहीं नगर और पंचायती क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सांथ समग्र स्वच्छता के विषय में भी कार्य करना जरूरी है, जिसके तहत नगर परिषद मानपुर क्षेत्र में दिनांक 05 जून 2026 को वृक्षा रोपण का कार्य करके पर्यावरण का संदेश दिया गया है। अपना क्षेत्र स्वच्छ नगर को ध्यान में रखते हुये विषेश अभियान के तहत कई जगह शफाई का कार्य किया गया, कार्यक्रम में नगर की अध्यक्ष श्रीमती भारती शतीस सोनी, कई वार्डो के पार्षद एवं स्टॉप सहित सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल में मानपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भारती सोनी ने कहा कि अपना नगर सम्पूर्ण स्वच्छ रहे, बड़े तीब्रता से विकास करे एवं हरियाली युक्त हो जाय, जिससे अपने क्षेत्र का पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा, जिसके तहत मानपुर नगर बड़े लगन और तीब्रता से कार्य कर रही है, इस कार्य में बीजेपी सरकार और मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह जी का भी सराहनीय मार्गदर्शन मिल रहा है। वहीं मानपुर नगर परिसद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुसार अपने मानपुर नगर में विशेष अभियान चला कर स्वच्छता कार्यक्रम एवं मप्र शासन और भारत सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है और अत्यधिक पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्यवित करने का कार्य 12 जून 2026 तक करना है, जिसके अलावा वृक्षा रोपण का कार्य 30 अक्टूबर 2026 तक लगातार करवाने जाना है।

# घायल की जान बचाने वाले राह-वीर सरपंच सम्मानित

उमरिया (स्वतंत्रमत)



सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर सहायता पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले ग्राम पठारी के सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम को सोमवार 8 जून को परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए उनके साहसिक, मानवीय और प्रेरणादायी कार्य की सराहना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 नवंबर 2025 को हुई एक सड़क दुर्घटना में एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' के दौरान सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम ने तत्परता दिखाते हुए घायल अधिकारी को तत्काल निकटतम अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने की व्यवस्था कराई। समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बचाई जा सकी। उनकी इस संवेदनशील और सराहनीय पहल को देखते हुए परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश ने उन्हें च्राह-वीरज्ज सम्मान से नवाजा। साथ ही राहवीर योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी स्वीकृत की गई है। प्रशस्ति पत्र में उनके इस मानवीय कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी जनसेवा और मानवता के कार्यों में इसी तरह योगदान देने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ा मानवीय कर्तव्य है। गोल्डन ऑवर के दौरान मिली सहायता किसी भी व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे उदाहरण दूसरों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे उपस्थित रही।

# अवैध खनिज परिवहन पर खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम ने 7 एवं 8 जून 2026 को उमरिया एवं चंदिया क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से रेत एवं गिट्टी का परिवहन करते पाए जाने पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। कार्रवाई खनि अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा, प्रभारी खनि निरीक्षक नरबद सिंह आर्मो तथा विभागीय अमले द्वारा की गई। जांच में जब्त वाहनों में एक ट्रैक्टर का इंजन नंबर ई 2280490 तथा दूसरे वाहन का पंजीयन क्रमांक एमपी.54ए7065 पाया गया। वाहन चालक एवं स्वामी शेख कमामुद्दीन पिता शेख सफरुद्दीन, निवासी ग्राम भनपुरा, तहसील चंदिया, जिला उमरिया हैं। उक्त दोनों वाहनों के विरुद्ध म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सघन जांच और कठोर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# नगर के विकास में रोड़ा बन रहा राजस्व और वन विभाग..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)




मानपुर के आस पास जे गाँव जिनमे सिगुड़ी, सेमरा और गोवर्दें चार ग्राम पंचायतों के संविलियन से मानपुर नगर परिषद बनाया गया हैं। नये नगर के अच्छे विकास के लिये मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह जी की सराहनीय पहल हैं। मानपुर नगर में देखते ही देखते सड़क और लाइट के जाल बिछ चुके हैं, कई नाली, बगीचा, शास्कीय भवन और तालाब सुंदरी करण के भी कार्य हुये हैं, यहां नगर विकास वित्त और विधायक निधि के मोटी बजट क्षेत्रीय विकास कार्य में उपयोग किये जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो मानपुर नगर में गीता भवन के सांथ अन्य कई भवन, स्थाई बस स्टैंड, मीट मछली बाजार, हाट बाजार, शब्जी मंडी, सुदायिक शौंचालय, बाल उद्यान, पेय जल के भराव के लिये पानी टंकी को बनवाने और सभी गलियारे सड़क किनारे स्टेट लाइट लगवाने की स्वीकृति मिल चुकी है बजट भी प्राप्त है, जहां भूमि आवंटन और वन विभाग द्वारा रोक पर रोक लगने पर कई निर्माण कार्य रुके हुये हैं, मानपुर क्षेत्र के वन और राजस्व भूमि में हर माह कई नये अतिक्रमण हो रहे हैं, यहीं अतिक्रमण वाले भूमि बिक रह हैं। यहां बड़े तेजी से शास्कीय और ब्यक्तिगत निमाण कार्य हो रहे हैं, जिसे रोंकने में राजस्व और वन विभाग चुप्पी साधकर शांत बैठे हैं, इन अवैध अतिक्रमण और निर्माण कार्यों को रोंकने में अशफल होते दिख रहे हैं, जब कि नगर के विकाश कार्यों में रोड़ा बनते हुये दिख रहे हैं। मानपुर तहसील भवन के पीछे, व आदिवास्यों के द्वारा किये गये अतिक्रण जैसे भूमि धड़ल्ले से बिक रहे हैं, जिनकी जानकारी सभी को है फिर भी समाचार के माध्यम से हकीकत का खुलासा होता रहता है फिर भी राजस्व और वन विभाग दूर से तमासा देख रही है। मानपुर के मुख्य सड़क किनारे और वर्तमान बस स्टैंड में अतिक्रण छाया हुआ है, मानपुर नगर क्षेत्र के तकरीबन 50 फीसदी वन भूमि में और मप्र शासन के तकरीबन 70 फीसदी भूमि अवैध अतिक्रमण में डूबा हुआ है, मानपुर के पुरानी बस्ती के मां काली मंदिर से कोटा के बीच वाली भूमि का आज तक निर्णय नहीं हो पाया है कि वह भूमि राजस्व की है अथवा वन की, इसी तरह मानपुर थाना कार्यालय और रेंजर निवास के बीच सड़क के किनारे बने कुछ शास्कीय भवन ष्जिसके सामने अतिक्रणकारियों द्वारा उन भवन तक जाने के लिये रास्ता ही बंद कर रखेहैंष् वो भवन और भूमि किस विभाग की है.? का निर्णय आद दिनांक तक नहीं हो पाया है, मानपुर और सिगुड़ी के पीएचई विभाग वाले 80 फीसदी जमीन में अवैध अतिक्रमण छाया हुआ है, यहां तक कि अवैध अतिक्रमण के कारण मौके पर सच्चाई बताने से सब अंजान दिख रहेहैं कि यहां कितनी और कौन जमीन पट्टे में है व वन भूंमि, अथवा मप्र शाषन की भूमि है..? मानपुर के वार्ड नम्बर 03 जनजातीय आवादी क्षेत्र में पक्की सीसी सड़क का निर्माण कार्य हो रहा था जिसे वन वि:भाग द्वारा रोंकवा दिया गया है, वार्ड नम्मबर 04 एवं बाई पास रोड में स्टेट लाईट लगवाया जा रहा था जिसे कई जगह वन विभाग द्वारा और कुछ जगह कुछ पट्टे धारियों द्वारा रोंकवा दिया गया है।

## इनका कहना है

मानपुर नगर विकास के लिये अपने यहां पर्याप्त वजट है जब कि भूमि आवंटन न होने से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं और वन भूमि के द्वारा रोक लगा देने से कई निर्माण कार्य अधर में लटक जाया करते हैं।

**राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा सीएमओ मानपुर**

सामूहिक दावा और सार्वजनिक निर्माण कार्य, क्षेत्रीय विकास के लिये वन विभाग हमेशा सांथ देती रहती है, वन भूमि में किसी भी निर्माण कार्य के लिये शास्कीय मापदंड के अनुसार वन विभाग से अनुशंसा और अनापत्ती रिकार्ड लेना चाहिये इनके मांग के आधार पर स्टेट लाइट लगवाने के लिये मानपुर रेंज से अनुशंसा पत्र जारी कर दिया गया है।

**मुकेश अहिरवार वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंज मानपुर**

गीता भवन और बस स्टैंड जैसे कई निर्माण कार्य के लिये यहां से फाईल कम्पलीट कर जिला मुख्यालय को भेज दिया गया है वहां के निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही होना है।'

**पंकज नयन तिवारी तहसीलदार मानपुर**

## सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग द्वारा प्रदेशभर के युवाओं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स लेखकों ब्लॉगर्स मोटिवेशनल स्पीकर्स सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा कला एवं मनोरंजन जगत से जुड़ी प्रतिभाओं को संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से सोशल मीडिया वॉरियर्स प्रतिभा एक खोज अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए उन्हें जनहित संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगी। इच्छुक युवा 1 जून से 15 जून तक ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे प्राप्त आवेदनों की जांच और स्क्रूटनी के बाद चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी इसके पश्चात 20 जून से 23 जून के बीच प्रतिभागियों के साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे जिनके आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गोंड समाज महासभा जिला कमेटी के तत्वाधान में गोंडी पब्लिक ट्रस्ट के सभा कक्ष में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रकृति शक्ति फड़ा पेन गोगों की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष केएल मरावी, जिला उपाध्यक्ष उदयसिंह उइके, फत्तेसिंह धुर्वे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम का सफल संचालन डीएल उइके एवं यशवंत धुर्वे ने किया दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व एवं समाज के विकास में उनकी भूमिका के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया। समारोह में लालजू मर्सकोले, डीएल उइके जिलाध्यक्ष, जयसिंह पंद्रे जिलाध्यक्ष आदिवासी शैक्षणिक प्रकोष्ठ, अनारकली कुशराम जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, भागरथी गोंड सरपंच गौराछापर, शोभा धुर्वे ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, बचन सिंह मरावी, बीएल कोरीम, रामकुमार सिंद्राम जिला सचिव, श्रीकुमार मरावी ब्लॉक अध्यक्ष, यशवंत धुर्वे ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, बिरजन धुर्वे ब्लॉक उपाध्यक्ष नैनपुर, श्री मरावी सरपंच गोझी, रोहित कोयले अध्यक्ष, नरेश मरावी सचिव सहित समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## किसानों के हुए ऋण स्वीकृत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को बढ़ावा देने के लिए जिले की सभी शाखाओं में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान स्वयं सहायता समूह, कृषि उद्यमी और अन्य हितग्राही शामिल हुए मेगा क्रेडिट का यह कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुजय कुमार नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक देवब्रत पाल, आरसेटी निदेशक राजेश रॉय और सेंट्रल बैंक शाखा प्रमुख निखिल वोहरा सहित बैंक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पौधारोपण से मनाया पर्यावरण दिवस

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन सुरक्षा समिति बींझी के अध्यक्ष मनीष कुर्राम एवं साथियो द्वारा वनपरिक्षेत्र कार्यालय परिसर मोहगांव में फलदार पौधा जैंसे आम जामुन शहतूत आदि का पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया उक्त कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेन्द्र परस्ते सहित स्टाफ व वन सुरक्षा समिति बींझी के सदस्यों ने सहभागिता किया और वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर मोहगांव में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# आखिर किसानों को खाद के लिए क्यों किया जा रहा परेशान किसकी है मिलीभगत, कौन कर रहा कालाबाजारियों का सपोर्ट

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।**




जिले के किसान लगातार खाद के लिए परेशान हो रहे हैं और जबावदार अधिकारी वातानुकूलित कमरे में बैठ कर आराम फरमा रहे हैं। किसानों को दुकानदार भगा रहे हैं या फिर उनसे मनमाफिक पैसा वसूल रहे हैं। मजबूर किसान महंगे दाम में खाद खरीदने के लिए दिखाई दे रहा है। 1450 रूपए का एनपीके 2100 रूपए में दिया जा रहा है किसानों को खाद के लिए ई टोकन अनिवार्य किया गया है। सरकार ने खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए ई विकास प्रणाली लागू की है और ई टोकन से खाद उपलब्ध कराई जा रही है ई-टोकन में सभी जानकारी जिसमें खाद का रेट सब्सिडी की जानकारी रहती है। इसके बाद भी नए-नए रास्ते खोजकर किसानों को लूटा जा रहा है। किसानों में आक्रोश है वहीं किसाना संगठनों की खामोशी भी इस बात को बल देती है कि जिले के व्यापारी और अधिकारी जो चाहेंगे। वो होगा बीते दिनों बम्हनी खाद विक्रेता के द्वारा किसान को भगाया गया और दुकान के बाहर लगा गेट भी बंद कर दिया गया। यहीं नही अन्य जगह पर भी इस तरह की शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों को समय पर और सही दर पर आखिर खाद क्यों नही दी जा रही है। कहीं ऑनलाईन विक्रय तो कहीं थम्स व्यवस्था तो कहीं पर्ची से खाद देने की नियमों पर भी अनदेखी का आरोप किसान लगा रहे हैं। मजबूरी में किसान महंगे दाम में खाद खरीद रहा है। अनुमान है कि अच्छी बारिश के साथ शीघ्र ही खाद की आवश्यकता खेतों को होगी। इस लिहाजा से किसान खाद ले रहा है। हालांकि खेतों में खाद की आवश्यकता 15-20 दिन बाद ही होगी लेकिन कालाबाजारी की डर से आनन-फानन में किसान खाद खरीद रहा है। लोगों को सोसायटी से आरओ कटवाने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। सोसायटी से एक या दो बोरी खाद देकर कृषकों को टरकाया जा रहा है। मजबूरीवश लाइसेंसी खाद दुकान से किसानों को खाद खरीदनी पड़ रही है। लाइसेंसी खाद व्यापारी किसानों को लूट रहे हैं। व्यापारी किसानों को स्टॉक की जानकारी भी नहीं दे रहे हैं। जिले के किसानों को इस समय खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। लाइसेंसधारी विक्रेता किसानों को यूरिया की कमी बताकर दुकान से भगा रहे हैं तो दूसरी तरफ विभाग यूरिया की कमी को नकार रहा है। सरकारी आंकड़े के अनुसार यूरिया की पूर्ति काफी हद तक कर दी गई है लेकिन सवाल यह है कि अगर पूर्ति और मांग में जब ज्यादा अंतर नहीं है तो आखिरकार यूरिया कहा गई वहीं सूत्रों का कहना है कि यूरिया की कालाबजारी करने के उद्देश्य को लेकर व्यापारियों ने अपनी गोदामों में यूरिया को कैद रखा हुआ है। विभागीय संरक्षण और अमले की मिली भगत से यूरिया किसानों तक नहीं पहुंच रही है। खाद विक्रेताओं के रजिस्ट्रर पंजी आवक-जावक एवं विक्रय की जांच नहीं हो रही है। उनकी गोदामों की भी जांच नही हो पाई है। जिसकी वजह से विक्रेताओं के हौंसले बुलंदी पर हैं। पिछले वर्ष भी यूरिया की मारा मारी देखी गई थी। उस समय भी किसानों को महंगे दामों में यूरिया खरीदनी पड़ी थी। रामनगर, पिण्डरई, बिछिया, पदमी, पुरवा, अंजनिया, बम्हनी तरफ जमकर खाद की कालाबाजारी की जा रही है। पिछले 3-4 सालों से कृषि पर जो मार पड़ी है उससे किसान बर्बाद होने की कगार में खड़ा नजर आ रहा है। अक्सर कम वर्षा, ओलावृष्टि और सूखे की मार से फसले तबाह होती रही है बीते इन सालों में किसानों ने कई विपदाओं का सामना किया है। जब भी किसान ने खड़े होने की कोशिश की तो प्राकृतिक आपदा ने उसे जमीन पर ला दिया है। खरीफ फसलें लेने तैयार बैठे किसानों की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं। कहीं बोनी का इंतजार तो कहीं बोनी करने के बाद पानी की आस में उम्मीद पर है कि देर सबेर अच्छी बारिश होगी और डाले गये बीज से कुछ तो प्राप्त होगा। मौसम विभाग का दावा है कि जुलाई और अगस्त में जोरदार बारिश होगी। उन किसानों के चेहरे में ज्यादा चिंता दिखाई दे रही हैं जिनका मूल व्यवसाय कृषि हैं।

ये वे किसान है जिनका अन्य कोई व्यवसाय भी नहीं है। कृषि की फसलों से ही पूरे परिवार का जीवनयापन होता है। वही उद्योग विहीन इस जिले में खेती से ही पूरा व्यापार व्यवसाय चलता है। आने वाला समय कैसा होगा यह सोचकर रोजमर्रा की जरूरत से गुजर बसर करने वाले लोग भी परेशान है। सूखे के हालात देखते हुए व्यापारी और जमाखोरों ने बाजार में अपना दबदबा बढ़ा दिया है। सब्जी सहित तमाम छोटी-छोटी चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। वही किराना सामाग्री के दाम भी तेज हो गये है। रही सही कसर बीमारियों ने पूरी कर दी है। इस मौसम में लोग तेजी से बीमार हो रहे है डॉक्टरों के यहां मरीजों की लम्बी कतार देखी जा सकती है।

## योगेश यादव ने जीता कांस्य पदक



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

उत्तरप्रदेश के गोंडा में 6 से 8 जून तक आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के युवा पहलवान योगेश यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया श्री बजरंग व्यायाम शाला बस स्टैंड के खिलाड़ी योगेश यादव ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया कुश्ती कोच वाशु सिंधिया ने बताया कि कांस्य पदक जीतने के साथ ही योगेश ने आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप ट्रायल के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है यह ट्रायल लखनऊ में आयोजित होगी इस उपलब्धि पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप कछवाहा, वाजित खान, सतीश मरकाम, उस्ताद नरेश सिंधिया, चंद्रशेखर सिंधिया, आनंद सोनी, किशोर गुप्ता, योगेश कछवाह, कुलदीप सिंधिया, शिवराज कछवाहा, अंकित सिंधिया सहित जिला कुश्ती संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की है।

## जैन मंदिर में पाठशाला आयोजित



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की परम शिष्या आर्यिका मां उपशांत मति माताजी के सानिध्य में प्रतिदिन प्रात: 6:30 बजे से श्री जीवकाण्ड शास्त्र की कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कक्षाओं में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित होकर धर्म ज्ञान का लाभ प्राप्त कर रही हैं इसी क्रम में प्रत्येक रविवार को मंदिर परिसर में संचालित जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा भगवान का पूजन एवं अभिषेक श्रृद्धा और भक्ति के साथ किया जाता है। बच्चों ने धार्मिक संस्कारों एवं अनुशासन के साथ पूजा-अर्चना में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया पाठशाला में अध्ययनरत बच्चों के लिए विवेक एवं नेहा द्वारा मंदिर परिसर के नीचे नाश्ते की व्यवस्था भी की गई इस सेवा कार्य की उपस्थित श्रृद्धालुओं ने सराहना करते हुए इसे बच्चों के प्रोत्साहन एवं धार्मिक संस्कारों के संवर्धन की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

## आरक्षक ने लगाई फांसी

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** जिले के बम्हनी बंजर थाना परिसर स्थित सरकारी आवास में मंडला पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक सुनील सरयाम 40 वर्ष द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है घटना के बाद पुलिस विभाग में शोक और चिंता का माहौल है प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षक सुनील सरयाम ने जिस कमरे में आत्महत्या की उसी कमरे से एक पत्र भी बरामद हुआ है जिसे प्रारंभिक तौर पर सुसाइड नोट माना जा रहा है हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी सूत्रों के अनुसार घटना की वैज्ञानिक जांच के लिए बालाघाट से एफएसएल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम को बुलाया गया है मृतक आरक्षक मूलत: सिवनी जिले के आदेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतलोन के निवासी बताए गए हैं।

## पौधरोपण कर दिया संदेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 148 वी वाहिनी सीआरपीएफ मुख्यालय में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विक्रांत सारंगपाणि कमाण्डेन्ट 148 वी वाहिनी द्वारा पौधे का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस दौरान रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी मनोंरजन कुमार उप.कमा. एवं श्रीमती मनोरमा सिंह सहा.कमा. साथ-साथ वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानो ने वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया।

## बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**



जिला योजना भवन में समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण संवेदनशीलता से निपटाएं। निम्न गुणवत्ता पर बंद शिकायतें री-ओपन कर संतुष्टिपूर्वक निराकृत की जाएं। सभी विभाग एक सप्ताह में ए ग्रेड में आएं। 50 दिन से अधिक लंबित प्रकरण फोर्स क्लोज कराएं और 500 तथा 1000 दिन पुराने केस भी बंद कराएं। मवई क्षेत्र के ग्राम दाड़ी में रात्रि चौपाल के आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग तय समय में कार्रवाई करें। ग्राम अमवार की पेयजल समस्या, चिरानटोला में विद्युतीकरण, अस्थायी पोल बदलने और छात्रावास के मुद्दों का निराकरण समय-सीमा में हो। रात्रि चौपाल के हर आवेदन का निराकरण अनिवार्य है। शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले कलेक्टर ने कहा कि मानसून को देखते हुए कोई भी कक्षा जर्जर भवन में न चले। डीपीसी और डीपीओ डब्ल्यूसीडी को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी। टीएल पत्रों का व्यक्तिगत फॉलोअप कर समय पर क्लोज कराने के भी निर्देश दिए। नैनपुर के ग्राम जहरमऊ में बिजली पोल से करंट लगने से युवक की मौत पर कलेक्टर ने गहरा दु:ख जताया। विद्युत कंपनी को निर्देश दिए कि ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं। एसडीएम नैनपुर से जांच रिपोर्ट मांगी जिसके आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। मत्स्य पालन में 56 किसानों के साथ 986 केज लगाने की योजना बनी है जिसे कलेक्टर ने बढ़ावा देने को कहा। बायोफ्लाक में अब तक की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कम से कम 100 हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश दिए। बरगी बैकवाटर में केज से स्थानीय मछुआ समुदाय को लाभ मिले यह भी सुनिश्चित करने को कहा। उद्यानिकी विभाग की कार्ययोजना पर असंतोष जताते हुए कलेक्टर ने फॉरवर्ड लिंकेज पर ध्यान देने को कहा। काली हल्दी, अश्वगंधा, काली तुलसी, पपीता जैसी फसलें क्लस्टर अप्रोच से बढ़ाने और आजीविका मिशन की महिलाओं से बड़े पैमाने पर मशरूम उत्पादन कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएम मानिट, सीएस मानिट, जल गंगा संवर्धन, अमृत सरोवर, छात्रावासों में टंकी सफाई, अनुकम्पा नियुक्ति, गेहूं परिवहन, उर्वरक वितरण, वन अधिकार, योग दिवस, श्रमयोगी मानधन, धरती आबा, नर्मदा परिक्रमा पथ, पाण्डुलिपि सहित अंतर-विभागीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

# नैनपुर में चोरों के हौसले बुलंद

### सूने मकानों को बना रहे निशाना

### लगातार बढ़ रही वारदातों से दहशत में नागरिक, 15 लाख की चोरी से सनसनी



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर में इन दिनों सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। हाल ही में वार्ड क्रमांक 6 में हुई चोरी के बाद अब वार्ड क्रमांक 15 में एक और बड़ी वारदात ने लोगों की नींद उड़ा दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 15 स्थित एक सूने मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए लगभग 14 से 15 लाख रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित शिक्षक अनंत वैष्णव ने बताया कि उनका पूरा परिवार पिछले 10 दिनों से ग्रीष्म अवकाश पर बाहर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सूने घर का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि चोर घर के पिछले दरवाजे का कुंदा तोड़कर अंदर घुसे और पूरे मकान को खंगालते हुए कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

बीती रात जब वैष्णव परिवार वापस लौटा, तब इस चोरी की घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद तत्काल नैनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में आक्रोश पनप रहा है। लोगों का कहना है कि नगर में पुलिस गश्त की कमी के चलते चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और वे बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग की है, ताकि आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सके।

## 15 घंटे बाद मिला शव, बीजेगांव बांध के केवलारी टोला में हुआ था हादसा



नैनपुर (स्वतंत्र मत)। वीजे गांव बांध में एक 57 वर्षीय व्यक्ति की डूब जाने से मौत हो गई थी। सुबह 10 बजे की घटना के बाद शव बरामद नही किया जा सका था। घटना कर 15 घंटे बाद मृतक का शव बांध के किनारे तैरता पाया गया। थाना क्षेत्र नैनपुर के पिंडरई चौकी के गांव केवलारी टोला में 57 वर्ष का व्यक्ति गणिराम पिता छोटा उइके निवासी बड़र गांव थाना घंसौर जिला सिवनी केवलारी टोला मेहमानी में आया था। बांध में नहाते समय मृतक घटना का शिकार हो गया। पिंडरई चौकी प्रभारी राजकुमार हिरकने द्वारा पिंडरई स्टाफ के साथ पंचनामा की कार्य वाही करते हुए शव को सिविल अस्पताल नैनपुर लाकर पोस्टमार्टम कार्यवाही उपरान्त शव को परिजनों को सौंप दिया है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नैनपुर जिला-मण्डला**
**EmailId:-mandinainapur@gmail.com**

क्रमांक/मंडी/तौलकांटा / 2026-27/214 नैनपुर दिनांक ..../06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

कृषि उपज मण्डी समिति नैनपुर घ श्रेणी मण्डी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_ 513957-1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें दिनांक-30/06/2026को समय 03.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति, नैनपुर**
**जिला-मण्डला**

**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI NAINPUR DIST. MANDLA**

**Notice Inviting Tender**

N.I.T. No/Nirman/2026-27/ 219 NAINPUR dated: 08/06/2026
Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for REPAIRING AND COLOUR WASHING OF OFFICE BUILDING AND CONSTRUCTION OF 01 NOS FEMALE TOILET WORK INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION WORK AT MANDI YARD NAINPUR 2nd call Tender Number : 2026 MPSAM_513981_1 (PAC amount Rs. 10.63 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 23.06.2026. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.
Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in.

**Secretary**
**Krishi Upaj mandi Samiti NAINPUR**
**Distt. MANDLA**

संपादकीय

# थमेगा रण या अगला चरण

युद्धविराम और समझौते की कथित बातचीत के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हुंकार भरी है कि ईरान 21 दिन में खत्म हो जाएगा। वह सब कुछ तबाह कर देंगे। फिर ट्रंप युद्धविराम की नई परिभाषा देते हुए कहते हैं कि सीमित और संयमित गोलीबारी युद्धविराम ही है। कमोबेश बमबारी, मिसाइलों की बौछार और विनाशक हमले तो बंद हैं। अमरीकी राष्ट्रपति किन 21 दिनों की बात कर रहे हैं? 8 अप्रैल से तो कथित युद्धविराम है। अब शांति-समझौता करना चाहते हैं अथवा युद्ध आगे भी जारी रह सकता है? दूसरी तरफ ईरान के आईआरजीसी ने कुवैत और बहरीन के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमले कर तबाही मचा दी है। इन्हें अमरीकी सैन्य ठिकाने भी माना जाता है। कुवैत हवाई अड्डे का टर्मिनल-1 तो विनष्ट हो गया। वहां उज्जैन निवासी एक भारतीय मारा गया और 13 घायल हुए हैं। अन्य घायलों का आंकड़ा बहुत ज्यादा है। ईरान ने एक ही रात में चार देशों पर हमले कर अमरीकी पक्ष को थर्रा दिया है। ईरानी नौसेना ने ओमान खाड़ी में अमरीकी युद्धपोत पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त किया है। अमरीका के कान खड़े हो गए होंगे! युद्ध के सायरन बजने लगे हैं। लड़ाकू विमान आसमान में मंडराने, गरजने लगे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप एक तरफ समझौते को लेकर उम्मीद जताते हैं, तो दूसरी तरफ तबाही की धमकियां देते हैं! यह युद्धविराम कैसा है अथवा ईरान युद्ध का दूसरा चरण शुरू हो चुका है? इसी बीच अमरीकी कांग्रेस की प्रतिनिधि सभा ने प्रस्ताव पारित किया है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान रोका जाए और सैनिकों की वापसी शुरू की जाए। प्रस्ताव में यह निर्देश भी है कि यदि भविष्य में युद्ध की कार्रवाई अपरिहार्य हो, तो पहले कांग्रेस की मंजूरी ली जाए। प्रस्ताव के पक्ष में 215 और उसके खिलाफ 208 वोट आए। राष्ट्रपति ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के 4 सांसदों ने भी क्रॉस वोटिंग की और डेमोक्रेट्स का समर्थन किया। इससे पहले सीनेट में भी ट्रंप-समर्थक सांसदों ने उनके खिलाफ वोट दिए थे। संसद में पारित प्रस्ताव के जरिए राष्ट्रपति की निरंकुश युद्ध-शक्तियों को भी सीमित किया गया है। यह घटनाक्रम और परिदृश्य राष्ट्रपति ट्रंप के लिए राजनीतिक और संसदीय आघात से कम नहीं है। फिर भी ट्रंप पारित प्रस्ताव को 'असंवैधानिक' करार देते हुए 'वीटो' कर सकते हैं, लेकिन वह राष्ट्रपति और संसद के बीच टकराव की नौबत से बचना चाहेंगे। यदि अमरीकी संसद राष्ट्रपति की 'वीटो' को बेअसर करना चाहेगी, तो 290 सांसदों को प्रस्ताव के पक्ष में वोट करना होगा। वह 'महाभियोग' सरीखी स्थिति ही होगी, लिहाजा यह असंभव लगती है। बहरहाल ट्रंप बेहद असमंजस में हैं, क्योंकि उन्हें युद्ध खत्म करने का संसदीय आदेश मिला है, वह खुद भी युद्ध के बाहर आने को आतुर, व्याकुल हैं, लेकिन परिस्थितियां उनके खिलाफ हैं। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी 'मूडीज' का नया आकलन है कि यदि एक सप्ताह में युद्ध नहीं रोका गया, तो उसके भयावह नतीजे होंगे। अमरीका में ही 'आर्थिक मंदी' फैल सकती है। युद्ध के कारण तेल-गैस की कीमतें 4-5 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं, नतीजतन उत्पादन और परिवहन की लागत बढ़ गई है। मुद्रास्फीति का स्तर करीब 4.2 फीसदी तक बढ़ चुका है, जो अमरीका में अभूतपूर्व, अप्रत्याशित है। अमरीका ही नहीं, यूरोप में उर्वरक के दाम 70 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। उससे भारत भी अछूता नहीं है, लिहाजा किसानों को सलाह दी जा रही है कि कम खाद का इस्तेमाल करें। भारत सरकार को खाद, उर्वरकों पर ही करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी देनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि जल्द ही कोई बड़ी खबर सामने आ सकती है। वह युद्ध समाप्ति की शुरुआत की खबर होनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था हिलाकर रख दिया है।

## यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है

# टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था



योगेश कुमार गोयल

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत में परीक्षा अब केवल योग्यता का आकलन नहीं रह गई है बल्कि यह करोड़ों सपनों की निर्णायक कसौटी बन चुकी है लेकिन जब यही कसौटी बार-बार संदिग्ध हो जाए, जब मेहनत और ईमानदारी की जगह 'जुगाड़' और 'माफिया नेटवर्क' हावी हो जाएं, तब यह केवल परीक्षा का संकट नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संकट बन जाता है। पेपर लीक के चलते नीट-यूजी 2026 परीक्षा का रद्द होना, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल और एसएससी जीडी परीक्षा में धांधली, ये घटनाएं मिलकर यह साबित करती हैं कि भारत की परीक्षा प्रणाली अब गहरे संस्थागत संकट में फंस चुकी है और भारत की परीक्षा प्रणाली अब वेंटिलेटर पर है। नीट-यूजी 2026 का घटनाक्रम तो इस विफलता की सबसे भयावह तस्वीर पेश करता है। लगभग 22.79 लाख छात्रों की मेहनत, उनके परिवारों के त्याग और वर्षों की तैयारी एक झटके में शून्य हो गई। यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं था बल्कि उस विश्वास का टूटना था, जिस पर पूरी शिक्षा व्यवस्था टिकी हुई है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इस बार मामला केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं रहा बल्कि जांच में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक मिलीभगत के आरोप सामने आए।

सीबीआई की जांच और संसदीय समिति की पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर चुनिंदा छात्रों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने का काम किया। यदि ये आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है। जिस संस्था को निष्पक्षता की गारंटी देनी थी, वही यदि धांधली का हिस्सा बन जाए तो पूरी व्यवस्था का नैतिक आधार ही खत्म हो जाता है। नीट पेपर लीक की प्रकृति भी सामान्य नहीं थी। 'गेस पेपर' के नाम पर लगभग 150 से अधिक प्रश्नों का हूबहू मिल जाना, परीक्षा से पहले 600 अंकों तक के सवालों का प्रसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम प्रश्नपत्र का घूमना, ये सब किसी संयोग का परिणाम नहीं हो सकते। यह एक संगठित, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से सक्षम नेटवर्क का संकेत है, जो परीक्षा प्रणाली की हर कमजोर कड़ी को भेद चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2024 में पेपर लीक के बाद भी कोई ठोस सुधार क्यों नहीं हुआ? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, जांच समितियों और सिफारिशों के बावजूद 2026 में स्थिति और बदतर कैसे हो गई? इसका सीधा अर्थ है कि समस्या तकनीकी कम और इच्छाशक्ति की अधिक है।

भारत की परीक्षा प्रणाली का ढ़ांचा ही कई स्तरों पर कमजोर है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया में निजी एजेंसियों और आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही वह



जगह है, जहां से माफिया नेटवर्क अपनी जड़ें जमाता है। जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले ही स्कैन होकर डिजिटल रूप में फैल सकता है तो यह स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा तंत्र केवल कागजों पर मजबूत है, जमीन पर नहीं। दूसरी ओर, कोचिंग उद्योग का अनियंत्रित विस्तार इस संकट को और गहरा कर रहा है। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं अब हजारों करोड़ रुपये का बाजार बन चुकी हैं। इस बाजार में 'सफलता' एक उत्पाद है, जिसे खरीदने के लिए छात्र और अभिभावक किसी भी हद तक जाने को मजबूर हैं। इसी मानसिकता का फायदा उठाकर एजुकेशन माफिया 'सीक्रेट पेपर', '100 प्रतिशत सलेक्शन गारंटी' और 'इनसाइडर एक्सेस' जैसे झूठे वादों के जरिए पूरे सिस्टम को खोखला कर रहा है।

यदि नीट प्रकरण परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है तो सीबीएसई का ओएसएम विवाद मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर चोट करता है। डिजिटल मूल्यांकन को पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया था लेकिन इसके परिणाम उलटे दिखाई दिए। पास प्रतिशत में गिरावट, मेधावी छात्रों को अपेक्षा से कम अंक मिलना और स्कैन की गई कॉपियों में भारी गड़बड़ियां, ये सब इस बात के संकेत हैं कि तकनीक को बिना पर्याप्त तैयारी और परीक्षण के लागू किया गया। कई छात्रों ने शिकायत की कि उनकी कॉपियां धुंधली थी, कुछ को गलत उत्तर पुस्तिकाएं मिली और कुछ मामलों में तो पूरी कॉपी ही किसी और की थी। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं मानी जा सकती बल्कि यह सरासर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। यदि एक छात्र की मेहनत को किसी दूसरे की कॉपी से बदल दिया जाए तो यह केवल गलती नहीं है बल्कि उस छात्र के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड भले ही इन खामियों को सीमित मामलों तक बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन छात्रों में बढ़ता असंतोष इस बात का प्रमाण है कि समस्या व्यापक है।

तीसरी बड़ी घटना, एसएससी कांस्टेबल जीडी परीक्षा में धांधली, इस बात को और स्पष्ट करती है कि यह संकट किसी एक परीक्षा या संस्था तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में पेपर लीक, तकनीकी खराबी और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। ग्रेटर नोएडा में यूपी एसटीएफ द्वारा पकड़े गए रैकेट ने इस धांधली के आधुनिक रूप को उजागर किया। प्रॉक्सी सर्वर, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स और डमी कैंडिडेट्स के जरिए परीक्षा में हेरफेर किया जा रहा था। यह पारंपरिक नकल या पेपर लीक से कहीं अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर पूरी प्रणाली को भीतर से हैक किया जा रहा है। इन तीनों घटनाओं को एक साथ देखें तो एक भयावह तस्वीर उभरती है, एक ऐसी व्यवस्था, जहां प्रश्नपत्र सुरक्षित नहीं, मूल्यांकन विश्वसनीय नहीं और परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। सबसे अधिक पीड़ित वह छात्र है, जो ईमानदारी से मेहनत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र, जिनके माता-पिता ने कर्ज लेकर या जमीन गिरवी रखकर उन्हें कोचिंग दिलाई, आज सबसे ज्यादा निराश हैं। एक परीक्षा रद्द होने का मतलब केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता बल्कि यह मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और आत्मविश्वास के टूटने का कारण बनता है।

इस पूरे संकट का एक और खतरनाक पहलू है व्यवस्था के प्रति बढ़ता अविश्वास। जब छात्र यह मानने लगें कि सफलता मेहनत से नहीं बल्कि 'सेटिंग' से मिलती है तो यह केवल शिक्षा का नहीं बल्कि सामाजिक नैतिकता का भी पतन है। अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? क्या हर बार जांच, गिरफ्तारी और बयानबाजी से काम चल जाएगा? स्पष्ट है कि नहीं। सबसे पहले परीक्षा प्रणाली में पूर्ण डिजिटल और एन्क्रिप्टेड मॉडल लागू करना होगा। प्रश्नपत्रों को परीक्षा से कुछ मिनट पहले तक सुरक्षित सर्वर में रखा जाए और सीधे केंद्रों पर डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाए। इससे छपाई और परिवहन से जुड़ी कमजोरियां समाप्त होंगी। दूसरा, आउटसोर्सिंग व्यवस्था को सीमित करना होगा। संवेदनशील कार्यों में केवल प्रशिक्षित और जवाबदेह सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति होनी चाहिए। तीसरा, पेपर लीक को संगठित आर्थिक अपराध घोषित कर इसके लिए गैर-जमानती कठोर कानून बनाए जाएं। जब तक अपराधियों को कठोर सजा नहीं मिलेगी, तब तक यह धंधा बंद नहीं होगा। चौथा, साइबर निगरानी को मजबूत करना होगा। टेलीग्राम, डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय नेटवर्क को ट्रैक करने के लिए विशेष एजेंसियां बनाई जानी चाहिए। पांचवां, तकनीक को लागू करने से पहले उसका व्यापक परीक्षण और प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। सीबीएसई ओएसएम विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिना तैयारी के लागू की गई तकनीक समाधान नहीं बल्कि नई समस्या बन सकती है।

सबसे महत्वपूर्ण है राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति। जब तक सरकार इस समस्या को 'राष्ट्रीय आपदा' की तरह नहीं देखेगी, तब तक आधे-अधूरे समाधान ही सामने आएंगे। नीट-यूजी 2026, सीबीएसई ओएसएम विवाद और एसएससी परीक्षा धांधली, ये घटनाएं चेतावनी हैं। यदि अब भी कठोर और स्थायी सुधार नहीं किए गए तो आने वाले समय में हर परीक्षा संदेह के घेरे में होगी। तब सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं होगी कि पेपर लीक हुआ बल्कि यह होगी कि देश के युवाओं का विश्वास पूरी तरह टूट जाएगा। और जिस राष्ट्र के युवा ही अपनी व्यवस्था पर विश्वास खो दें, उसके भविष्य की नींव कितनी कमजोर हो जाती है, यह समझना मुश्किल नहीं है।

# कब बुझेगी युद्ध की आग



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

मानव इतिहास में सबसे पीड़ादायक अध्याय है युद्ध। यह एक ऐसा भयानक तांडव है जो मानवीय सपनों को पलभर में राख कर देता है। युद्धों ने हमेशा विनाश की नई श्रृंखला को ही जन्म दिया। विजय की होड़ में मानवता दांव पर लगा दी गई है। हालांकि विजेता भी अंततः खोखली जीत के साथ रह जाता है। शहर तो उजड़ते ही है। महंगाई आसमान को छूती है। गरीबी दोगुणा हो जाती है। पश्चिम एशिया के युद्ध से पूरी दुनिया परेशान है। युद्ध ने हमेशा इस सत्य को उजागर किया है कि अंधकार में शांति के व्यावहारिक उपाय खोजे जाने चाहिए। कूटनीति को प्राथमिकता देते हुए बातचीत होनी चाहिए लेकिन न अमेरिका मान रहा है, न ईरान और न ही इजराइल। युद्ध विराम और समझौते की बातचीत के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति-समझौते की बात तो करते हैं लेकिन युद्ध जारी रखे हुए हैं। ईरान के आईआरजीसी ने कुवैत और बहरीन के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमले कर तबाही मचा दी है क्योंकि इन हवाई अड्डों पर अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं। कुवैत हवाई अड्डे पर हमले में भारत के उज्जैन निवासी श्रमिक की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए। अमेरिका ने ईरान के राडार और मिसाइल ठिकानों पर हमले किए और ईरान के ड्रोन मार गिराने का दावा किया। कुवैत, बहरीन और अन्य खाड़ी देशों में युद्ध के सायरन बज उठते हैं। लड़ाकू विमानों की गर्जना सुनाई देती है। ऐसे में अनुमान लगाना कठिन नहीं कि युद्ध की ज्वाला कभी भी भड़क सकती है।

ईरान और अमेरिका में शांति समझौते में सबसे बड़ी बाधा इजराइल बना हुआ है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू डोनाल्ड ट्रम्प की कुछ सुनने को तैयार नहीं। इजराइल लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है। इजराइल ने हाल ही के वर्षों में अपने सभी युद्ध विराम समझौतों का लगातार उल्लंघन किया है। युद्ध विराम समझौतों के बावजूद वह गाजा पर बमबारी जारी रखे हुए है। ईरान अपनी अरबों रुपए की सम्पत्तियां रिलीज करने की मांग पर अड़ा हुआ है। जबकि ट्रम्प संवर्धित यूरेनियम हासिल करने की जिद पकड़े हुए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग खुलने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। अब तो छोटा सा देश ओमान भी अमेरिका को धमकाने में लगा हुआ है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने एक प्रस्ताव पारित?किया है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान रोका जाएं और प्रस्ताव में यह निर्देश भी है कि यदि भविष्य में युद्ध की कार्रवाई अपरिहार्य हो तो पहले कांग्रेस (संसद) की मंजूरी ली जाए। प्रस्ताव के पक्ष में 215 और उसके खिलाफ 208 वोट आए। राष्ट्रपति ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के 4 सांसदों ने भी क्रॉस वोटिंग की और डेमोक्रेट्स का समर्थन किया। इससे पहले सीनेट में भी ट्रम्प-समर्थक सांसदों ने उनके खिलाफ वोट दिए थे। संसद में पारित प्रस्ताव के जरिए राष्ट्रपति की निरंकुश युद्ध-शक्तियों को भी सीमित किया गया है। यह घटनाक्रम और परिदृश्य राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए राजनीतिक और संसदीय आघात से कम नहीं है। फिर भी राष्ट्रपति ट्रम्प पारित प्रस्ताव को 'असंवैधानिक' करार देते हुए 'वीटो' कर सकते हैं, लेकिन वह राष्ट्रपति और संसद के बीच टकराव की नौबत से बचना चाहेंगे। यदि अमरीकी संसद राष्ट्रपति की 'वीटो' को बेअसर करना चाहेगी तो 290 सांसदों को प्रस्ताव के पक्ष में वोट करना होगा। वह 'महाभियोग' सरीखी स्थिति ही होगी, लिहाजा हमें असंभव लगती है। एक नई रिपोर्ट ने सबको चौंका कर रख दिया है कि इजराइल अमेरिका की जासूसी कर रहा है। ईरान से शांति वार्ता में जुटे अमेरिकी अधिकारियों पर पैनी निगाह रखे हुए हैं ताकि वह समझौते के किसी भी प्रयास को विफल बना सकें। वैसे तो युद्ध से पूरा विश्व प्रभावित है लेकिन भारत भी इससे अछूता नहीं है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनके जीवन की रक्षा भी भारत के लिए चिंता का विषय है। होर्मुज स्ट्रेट में अभी भी बड़ी संख्या में जहाज फंसे हुए हैं। उनके क्रू मैम्बर्स भी अधिकतर भारतीय हैं।

देश में ऊर्जा संकट गम्भीर हो रहा है। तेल भंडार पर्याप्त रखने के लिए भारत विकल्प तलाश रहा है। एलपीजी और सीएनजी गैस की कीमतों में लगातार बढ़ौतरी हो रही है। महंगाई की मार आम जनता को झेलनी पड़ रही है। रुपए की कीमत गिर रही है जिससे आयात बिल बढ़ रहा है। ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा भंडार और घरेलू भंडार सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। अन्तर्राष्ट्रीय निवेशक शेयर बाजार से अपना धन निकाल रहे हैं। किसानों के लिए फर्टिलाइजर की कमी दिखाई देने लगी है। यद्यपि भारत की अर्थव्यवस्था की रफ्तार तमाम चुनौतियों के बावजूद बहुत अच्छी बनी हुई है लेकिन आरबीआई ने अपनी तिमाही मौद्रिक नीति में विकास दर का अनुमान घटा दिया है और महंगाई बढ़ने का अनुमान जताया है। अन्तर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी सूडीस ने भविष्यवाणी की है कि अगर कुछ दिनों में युद्ध न रोका गया तो अमेरिका में भी आर्थिक मंदी फैल सकती है। अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर 4.2 फीसदी तक बढ़ चुकी है, जो अमेरिका में अप्रत्याशित है। दुनियाभर के देशों की अर्थव्यवस्था दबाव में है। अगर आर्थिक मंदी का दौर शुरू हुआ तो परिणाम भयंकर होंगे। बेहतर यही होगा कि ट्रम्प शर्तों पर न अड़कर कुछ ऐसा मार्ग निकालें जिससे ईरान भी सहमत हो और होर्मुज मार्ग भी खुल जाए। युद्ध विराम बहुत नाजुक स्थिति में है, इसलिए ट्रम्प को इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लगाम भी कसनी होगी, ताकि प्रस्तावित समझौते पर आगे बढ़ सकें। अगर शांति नहीं हुई तो तेल और ऊर्जा संकट विकराल रूप धारण कर लेगा।

# सुरक्षा में बढ़ोतरी योजना

संतोष उत्सुक

पिछले कुछ दिनों से मानसिक सुरक्षा में बढ़ोतरी महसूस हो रही है। सुना है एक ख़ास परीक्षा की सुरक्षा बनाए रखने के मामले में सुरक्षा विभाग पास नहीं हो पाया, इसलिए अब उस ख़ास परीक्षा के प्रश्न पत्र, ख़ास विभाग के विमान से भेजे जाएंगे। यह बेहद प्रेरित करने वाला निर्णय है। अब दूसरी परीक्षाओं के आयोजकों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उनके द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं के प्रशन पत्र ही नहीं बलिक उत्तर पुस्तिकाओं को भी हवाई मार्ग से मंगाया करेंगे। स्वाभाविक नहीं निश्चित है, समुचित व्यवस्था बनाए रखने में उच्च कोटि का अनुभव रखने वाले नियंत्रक उन्हें मानव स्पर्श रहित मार्ग उपलब्ध करवाएंगे। कभी लाखों में एक बार ऐसा भी हो सकता है कि परीक्षा केंद्र के अधीक्षक का कोई निजी कार्य रह गया हो तो उसी विमान से करवा लिया जाए। वक़्त काबू में रहा तो उनके परिवार को भी आसमान का चक्कर लगवा दिया जाएगा और घर की छत पर खड़े होकर रिश्तेदार, हाथ नहीं इस अवसर के लिए सिलवाए झंडे जोर जोर से हिला सकेंगे।



व्यंग्य

वैसे तो छोटा नहीं मोटा सामान ले जाने के लिए भी आजकल ड्रोन प्रयोग हो रहे हैं। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में एक शस्त्र की तरह इस्तेमाल होने के कारण ड्रोन, युद्ध क्षेत्र में यश अर्जित कर रहे हैं इसलिए शांत क्षेत्र में प्रश्न पत्र पहुंचाने के लिए उन्हें उचित नहीं समझा गया। अब विमान निर्माण कम्पनियां सर्वे करेंगी और यह पता लगाएंगी कि भविष्य में कितने युवा ख़ास परीक्षाओं में बैठने वाले हैं। उस हिसाब से अनेक आकार के विमानों का निर्माण होगा जो सीधे परीक्षा केंद्र की छत पर बाक्स उतार दिया करेंगी। एयरपोर्ट पर डिलीवरी लेकर, बख्तरबंद गाड़ी और सुरक्षा कर्मियों का खर्च भी बचेगा। छत से परीक्षार्थी के हाथों तक पहुंचाने के लिए, परीक्षा केंद्र के संचालक और अन्य पर्यवेक्षी स्टाफ को नए किस्म की सुरक्षा वर्दी दी जाएगी जो प्रश्न पत्र को हस्त स्पर्श रहित तरीके से पहुंचाएगी। इससे सुरक्षा में कोई कमी न रहेगी तो लीक होने की आशंका भी समाप्त हो जाएगी। ख़ास परीक्षा के, अब ऐतिहासिक हो चुके प्रश्न पत्र के मामले में, सुरक्षा सुदृढ़ करने में सुप्रीम सुरक्षा एजेंसी को खोजबीन सौंपना भी एक तरह से सुरक्षा बारे खबरदार करना है। इस उचित निर्णय से भविष्य में यह गलत काम करने वाले डरेंगे। उनके दिमाग में यह चेतावनी चिपकी रहेगी कि अगर फंस गए तो मुकदमे में सालों साल उलझे रहेंगे और अगर फैसला हो गया तो सजा मिलेगी। अब उन्हें यह आत्म ज्ञान हो जाएगा कि शिक्षा के किसी भी मामले में सज़ा भुगतना पाप के बराबर है। शिक्षा के मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है और सिर्फ कुछ महत्वपूर्ण लोगों के तबादले कर दिए जाते हैं और अखबारों की हेड लाइन छपती है। इससे दूसरों को सबक मिलता है। वह बात अलग है कि उन दूसरों और तीसरों को पता होता है कि कुछ दिनों बाद फिर तबादले होंगे और कोई खबर नहीं छपेगी। इस तरह की घटनाएं दिखाती हैं कि विकास और सुरक्षा में हम विश्वगुरु हैं फिर भी किसी भी छोटी या बड़ी घटना से कुछ न कुछ सीखते हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। यह सब सुरक्षा बढ़ोतरी योजना के अंतर्गत आता है।

# सारे नेता कट मनी वापस कर दें तो सोने की चिड़िया बनने में देर नहीं लगेगी...




आजकल धर पकड़ का दौर चल रहा है ईडी, एसीबी, लोकायुक्त, इन्कम टैक्स सारे विभागों ने जैसे भ्रष्टाचार के ख़िलाफ मुहिम छेड़ दी है। नौकरीशुदा लोगों को तो रंगे हाथों पकड़ा ही जा रहा है, रिटायर्ड अधिकारियों को भी नहीं बख्शा जा रहा जिनसे करोड़ों की काली कमाई जप्त हो रही है। लोग हैरान हैं कि देश भर में सालों से व्याप्त भ्रष्टाचार पर अचानक सिस्टम इस कदर क्यों टूट पड़ा है! ये सबको मालूम है कि बिना कट मनी के तो सरकारी अमला टस से मस नहीं होता। नौकरी चाकरी हो, ट्रांसफर हो, प्रमोशन हो, ठेका हो, लायसेंस हो या लोन हो नीचे से ऊपर तक बाकायदा चेन सिस्टम बना हुआ है। ऊपर बैठा नेता कहता है कि फाइल नीचे से चलवाओ फिर बात करेंगे। नीचे तैनात अफसर कहता है कि बिना चढ़ावे के काम होगा ही नहीं क्योंकि पैसा ऊपर तक पहुंचाना पड़ता है। और कट मनी देते ही फाइल इतनी तेज दौड़ने लगती है कि उसकी स्पीड देखकर रेस के घोड़े भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं द

आजादी के बाद से अब तक इतनी सरकारी योजनाएं लागू की जा चुकी हैं कि खर्च के हिसाब से भारत को अब तक विकसित देश हो जाना चाहिये था लेकिन अफसोस कि हम अब तक गरीबी, बेरोजगारी, भूख और अभाव पूरी तरह खत्म नहीं कर पाये। कहा जाता है कि आदिवासी विकास हेतु सरकारी खजाने से इतना पैसा खर्च किया जा चुका है कि अगर सीधा आदिवासियों को नकद सौंप दिया जाता तो हर आदिवासी करोड़पति हो जाता। दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने तो सरेआम स्वीकार किया था कि ऊपर से जो एक रुपया चलता है वो नीचे असल लाभार्थी तक आते आते 15 पैसे हो जाता है। ये बीच का 85 पैसा ही कट मनी है जो देश में रस्मोरिवाज और आदत की तरह बिचौलियों में बाँट लिया जाता है। इसमें नेता, अफसर, दलाल और छुटभैये सब शामिल हैं।

मगर इस पकड़ा धकड़ी और अफरा तफरी के दौर में एक बड़ी राहत भरी खबर भी है कि बंगाल में पिछला चुनाव हारने के बाद तृण मूल कांग्रेस यानी टीएमसी के नेता लोगों को बुला बुला कर कट मनी वापस कर रहे हैं। दरअसल बंगाल में भी ममता दीदी ने बढ़िया इंतजाम करके रखा था वो अफसरों पर ज्यादा भरोसा नहीं करती थीं। इसलिये जिसे भी सरकारी योजनाओं का फायदा लेना हो वो लोकल नेताओं को चढ़ावा पहुंचाता था ताकि नेता फायदे की फाइल को सरकारी दफ्तर में आगे सरका सके। किसी को सस्ता मकान चाहिये, किसी को लाइसेंस चाहिये, किसी को नौकरी या किसी योजना का कोई बेनीफिट, कट मनी देकर काम करवाने का बढ़िया सिस्टम बना हुआ था। लेकिन बदकिस्मती से टीएमसी चुनाव हार गयी। जब सरकार ही नहीं रही तो फिर फाइल और फायदा दोनों गायब। बहरहाल टीएमसी नेता कट मनी वापस कर रहे हैं।

इस पूरे ड्रामे पर लोगों की अलग अलग राय है। कोई कह रहा है कि ये कट मनी वाला सिस्टम तो पूरे देश में चल रहा है। किसी का कहना है कि सिर्फ नेता क्यों सरकारी अफसरों को भी कट मनी वापस करने की मुहिम चलाना चाहिये। कुछ लोग अफवाह उड़ा रहे हैं कि कट मनी में से भी कई नेता थोड़ा सा कट लेकर ही पैसा वापस कर रहे हैं। इसी चक्कर में जनता ने कहीं कहीं पर नेताओं को पीट पाट भी दिया है। पता नहीं ये सत्तारूढ़ सरकार से डर है या फिर रातों रात टीएमसी नेताओं का ज़मीर जाग गया है। बचपन से सुनते आये हैं कि अपनी समृद्धि और खुशहाली के कारण भारत किसी जमाने में दुनिया भर में सोने की चिड़िया कहलाता था। अगर देश के सारे नेता इसी तरह जनता से वसूला गया कट मनी वापस कर दें तो भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनने में देर नहीं लगेगी।

## नेता खुश तो अफसर खुश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य के पुलिस अफसरों की वफादारी संविधान के प्रति नहीं बल्कि सत्ताधारी दल के प्रति है फील्ड के अवसर, ट्रांसफर, पोस्टिंग,और इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए वे अपना आचरण तय करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व को खुश करने के लिए काम करते हैं बात तो सौ फीसदी सही कही है हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति ने लेकिन बेचारे अफसर करें भी तो क्या करें? इतनी पढ़ाई लिखाई करके, पैसा खर्च करके अफसर बनते हैं और यदि सत्ताधारी दल के नेताओं को खुश ना रखें तो लूप लाइन में पड़े पड़े जिंदगी बिताएं ये तो कोई नहीं चाहता हर कोई लूप लाइन में पड़े रहने के लिए तो आता नहीं सबको फील्ड चाहिए और फील्ड में ही सारा खेल होता है यदि अफसर को फील्ड चाहिए तो फील्ड देने वाला कौन है सत्ताधारी दल का नेता, तो उसको प्रसन्न करना तो जरूरी है संविधान की कसम तो नेता भी खाते हैं लेकिन क्या संविधान के अनुरूप काम होता है और फिर तो आजकल ये चलन चल रहा है ज्यादा नियम कानून की तो देर नहीं लगती लूप लाइन में जाते हुए जो सत्ताधारी दल का नेता कहता है वही अफसर करता है पर इन अफसरों का क्या,जो भी सत्ता में रहेगा हम तो उसी के हिसाब से चलेंगे ये उनका नारा होता है आज इनकी सरकार है, कल उनकी आएगी आज हम इनके पीछे हैं कल उनके पीछे चले जाएंगे। नेताओं का क्या है पांच साल रहेंगे हमें तो पैंतीस साल नौकरी करना है अब यदि सत्तादारी दल के नेताओं को पटाकर नहीं रखेंगे तो पैंतीस साल ऐसे ही थोड़ी बेकार कर देंगे यह सोच भी उनको सत्ताधारी दल के प्रति के नेताओं को खुश रखने के लिए होती है। बहरहाल हाई कोर्ट ने जो भी टिप्पणी की हो अपने को लगता है कि इससे अफसरों को कोई बहुत ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है वे जैसा काम करते आए हैं वैसा ही करते रहेंगे।

## वो जो अपने हैं

मशहूर गजल गायक स्वर्गीय जगजीत सिंह की एक गजल का शेर है- वो जो अपने हैं क्या वो अपने हैं, कौन दुख झेले आजमाये कौन, यानी जो अपने हैं उनको आजमाने की गलती कभी ना करना वरना दुख ही दुख आपके हिस्से में आएगा । हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने भी कुछ इसी तर्ज पर कांग्रेसियों की बैठक में कहा कि हम चुनाव लड़ते हैं और अपनों के ही कारण हार जाते हैं जब जब चुनाव आते हैं हर आदमी दावेदार बन जाता है एक दूसरे की टांग खींचने के लिए तैयार हो जाते हैं और अगर ऐसा ही होता रहा तो पीछे की लाइन दिखाई नहीं देगी, बड़ी गहरी बात कर दी है राहुल भैया ने ,लेकिन कांग्रेस में तो ये कोरोना से भी ज्यादा भयानक बीमारी है गुटबाजी, अनुशासनहीनता, मनमर्जी के बयान, ये तमाम बातें कांग्रेस नेताओं के लोगों में घर कर गई है अब देखो ना मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा का उम्मीदवार क्या बनाया उनके विरोध में उन्हीं की पार्टी के लोगों ने बिगुल बजा दिया वहीं भाजपा को देखो मध्य प्रदेश के बाहर के व्यक्ति को राज्यसभा भेजा जा रहा है लेकिन किसी ने उफ़ तक नहीं की राहुल भैया की बात मानो ना मानो कांग्रेसियों कम से कम बीजेपी से इसी बात की शिक्षा ले लो, और फिर दूसरा चक्कर तो ये भी है कि हाईकमान के हाथ से सारी चीजें फिसलती जा जा रही है कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदला तो मंत्रियों ने इस्तीफा देना शुरू कर दिया। राहुल भैया ने जो कुछ कहा है वो बहुत बड़ी सच्चाई है और अगर अभी भी कांग्रेसियों ने उनकी बात पर अमल नहीं किया तो फिर इनका भगवान ही मालिक है।



# ईरान में हैं तो निकल जाएं

## इजरायल पर हमले के बीच भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

तेहरान

पश्चिम एशिया में एक बार फिर संकट के बादल छा गए हैं। ईरान-हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच ताबड़तोड़ मिसाइल अटैक हो रहे हैं। इस बीच ईरान में भारतीय दूतावास ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा है, क्षेत्र में हाल की घटनाओं को देखते हुए, दूतावास सभी भारतीय नागरिकों को अपनी पहले की सलाह दोहराता है कि वे ईरान की यात्रा करने से बचें। जो भारतीय नागरिक अभी ईरान में हैं, उन्हें भी सलाह दी जाती है कि वे उपलब्ध परिवहन साधनों से देश से बाहर निकल जाएं।

### उड़ानें रद करने की घोषणा

ईरानी मीडिया की खबरों के मुताबिक, तेहरान के मेहराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट और पश्चिमी ईरान के केरमानशाह इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अगली सूचना तक सभी उड़ानें रद करने की घोषणा की है। ये घोषणाएं आज सुबह इजरायल द्वारा तेहरान के साथ-साथ इस्फहान और तबरीज को निशाना बनाकर किए गए हमलों के बाद आई हैं।

### ईरान-इजरायल में बढ़ी टेंशन

ईरान से इजरायल पर दागे गए रॉकेटों की बौछार ने यरूशलम के साथ-साथ रामल्ला और डेड सी के आस-पास के इलाकों को भी निशाना बनाया है।

वहीं, यमन के विद्रोही गुट ने इजरायल पर हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि उसने कब्जे वाले जाफा इलाके में इजरायल के संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाया।

ईरान की मेहर समाचार एजेंसी ने खबर दी है कि पश्चिमी शहर केरमानशाह के आस-पास आज सुबह दुश्मन के लक्ष्यों का मुकाबला करने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय किए गए।

# सात साल बाद उत्तर कोरिया पहुंचे शी चिनफिंग, किम जोंग-उन ने किया स्वागत

बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग सोमवार को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग पहुंचे। चीनी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, वह वहां उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस बैठक के दौरान दोनों नेता दोनों पड़ोसी देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती की पुष्टि करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे। शी चिनफिंग का यह दौरा प्योंगयांग और मास्को के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों के बीच हो रहा है। गौरतलब है कि साल 2024 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्योंगयांग दौरे के दौरान उत्तर कोरिया और रूस ने एक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच यह दौरा

चीनी राष्ट्रपति की यह उत्तर कोरिया यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चीन की यात्रा के ठीक बाद हो रही है। इसके साथ यह दौरा चीन के उस दावे के बीच हो रहा है जिसमें उसने जापान पर नए सैन्यवाद की नीति अपनाने का आरोप लगाया है, हालांकि टोक्यो ने इस दावे को खारिज कर दिया है। शी चिनफिंग किम जोंग-उन के निमंत्रण पर दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। किम जोंग-उन की पिछली चीन यात्रा के बदले में की गई यात्रा के रूप में देखा जा रहा है। किम जोंग-उन सितंबर 2025 में द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सैन्य परेड में शामिल होने बीजिंग गए थे, जहाँ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद थे।



### हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया के शासक और वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव किम जोंग-उन और उनकी पत्नी री सोल जू ने हवाई अड्डे पर शी चिनफिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन का स्वागत किया। विमान से उतरने के बाद शी चिनफिंग और किम जोंग-उन ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया। इस यात्रा में शी चिनफिंग के साथ उनकी पत्नी पेंग लियुआन के अलावा कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के सामान्य कार्यालय के निदेशक काई क्यूई और विदेश मंत्री वांग यी भी शामिल हैं।

### दोनों देशों के बीच भविष्य की रणनीतिक दिशा

उत्तर कोरियाई नेताओं के साथ बैठक से पहले, उत्तर कोरिया के आधिकारिक समाचार पत्र रोडोंग सिनमुन में प्रकाशित एक हस्ताक्षरित लेख में शी चिनफिंग ने कहा कि वर्तमान में चीन और उत्तर कोरिया के संबंध एक नए ऐतिहासिक मोड़ पर हैं, जो विकास के नए अवसरों और समय के नए मिशनों का सामना कर रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के महासचिव शी चिनफिंग ने कहा कि चीन रणनीतिक दृष्टिकोण से द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने, चीन-डीपीआरके संबंधों को समय के अनुरूप बनाए रखने और इस रिश्ते का अधिक विकास हासिल करने के लिए उत्तर कोरिया के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे लिखा कि दोनों पक्षों को रणनीतिक संचार को गहरा करना चाहिए और चीन-उत्तर कोरिया संबंधों को मजबूती से सही दिशा में ले जाना चाहिए। यह वर्ष चीन-उत्तर कोरिया मित्रता, सहयोग और पारस्परिक सहायता संधि की 65वीं वर्षगांठ भी है। शी चिनफिंग ने कहा कि इस अवसर का उपयोग सभी स्तरों पर और पार्टी, सरकार तथा सैन्य संस्थानों में आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने सैन्यवाद को पुनर्जीवित करने और क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने की किसी भी योजना या कार्रवाई को खारिज करने की बात कही।

### परमाणु दर्जे पर उत्तर कोरिया का कड़ा रुख

इस बीच, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन और सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की केंद्रीय समिति की विभाग निदेशक किम यो जोंग ने एक कड़ा बयान जारी किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी और योनहाप द्वारा उद्धृत बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु संपन्न देश के दर्जे पर कोई चर्चा करने की योजना नहीं बना रहा है, क्योंकि वह इसे पूरी तरह से अपरिवर्तनीय मानता है।

किम यो जोंग ने अमेरिकी अधिकारियों के उन दावों को निराधार झूठ और पूरी तरह से मनगढ़ंत बताकर खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि पिछले महीने चीनी-अमेरिकी शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के पूर्ण विमुद्रीकरण के लक्ष्य पर सहमति बनी थी।

# जंग में बेकाबू हुआ ईरान, इजरायल पर कर दिया भयंकर हमला

तेहरान



बेरुत और लेबनान पर हुए हमलों के जवाब में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए अब तक के सबसे बड़े मिसाइल हमलों में से एक के बाद सोमवार को मध्य पूर्व में स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। इन हमलों से मध्य पूर्व में 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के मध्यस्थता प्रयासों में और अधिक जटिलता आने की आशंका है। इस संघर्ष में ईरान के अधिकांश शीर्ष नेता, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल हैं, मारे गए थे। इजरायली सेना के अनुसार, कम से कम तीन हमलों में दागी गई मिसाइलों को इजरायली सेना ने रोक दिया। तेल अवीव ने कहा है कि तेहरान ने गंभीर गलती की है और हमलों का कठोर जवाब देने की कसम खाई है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से जवाबी कार्रवाई न करने का अनुरोध किया है। उन्होंने एक्सियोस को दिए एक टेलीफोन साक्षात्कार में कहा मैं अभी बीबी को फोन करके उनसे जवाबी कार्रवाई न करने के लिए कहूंगा। इजरायल ने अपना हमला कर दिया है और ईरान ने अपना हमला कर दिया है। हमें एक और हमले की जरूरत नहीं है। ईरान द्वारा किए गए ये हमले इजरायल द्वारा बेरूत पर किए गए हमलों के जवाब में थे, जिनमें दो लोग मारे गए और 20 घायल हुए। इजरायल की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई के डर से ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने एक बयान में कहा, यदि इस प्रकार की आक्रामकता दोहराई जाती है, तो जवाबी कार्रवाई व्यापक होगी और इसमें पूरे क्षेत्र में सभी अमेरिकी और ज़ायोनी लक्ष्य शामिल होंगे। इज़राइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगाकर हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में तनाव बढ़ा दिया है। दुनिया के प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों में से एक पर सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाते हुए, यमन के ईरान समर्थित हौथी आंदोलन ने सोमवार को घोषणा की कि उसने इज़राइल की ओर एक मिसाइल दागी है और लाल सागर में इज़राइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम संभावित तनाव बढ़ने का संकेत है जिससे इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से होकर गुजरने वाले वाणिज्यिक यातायात में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि उन्होंने ईरान के रणनीतिक वायु रक्षा प्रणालियों पर एक बड़ा हमला किया है। आईडीएफ के अनुसार, इन प्रणालियों को हाल ही में ईरान भर में तैनात किया गया था ताकि द रोरिंग लायन ऑपरेशन के दौरान कमजोर हुई सैन्य क्षमताओं को बहाल किया जा सके।

**ईरान मिसाइल दागना बंद करे**- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज चैनल के एक रिपोर्टर से कहा कि वह चाहते हैं कि ईरानी मिसाइल दागना बंद करें और बातचीत की मेज पर लौट आएं। उन्होंने यह भी कहा कि रविवार को लेबनान में इजरायल के हमले अमेरिका के समन्वय के बिना किए गए थे और मैं इससे खुश नहीं हूं। ईरान पर इजरायली हमलों से पहले फाइनेंशियल टाइम्स से बात करते हुए ट्रंप ने जोर देकर कहा कि उन्होंने नेतन्याहू को युद्ध की रणनीति बताई थी। ट्रंप ने अखबार को टेलीफोन पर दिए एक इंटरव्यू में कहा, उनके पास कोई विकल्प नहीं होगा।

## ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता की बात : भारत

**नयी दिल्ली(वार्ता)**। ईरान और इजरायल के बीच एक दूसरे पर ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव बढने के बीच भारत ने अफसोस जताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय बताया है और कहा है कि सभी पक्षों को बातचीत के माध्यम से समाधान करना चाहिए जिससे कि क्षेत्र में शांति स्थापित हो सके। साथ ही भारत ने अपने नागरिकों से ईरान यात्रा से बचने की सलाह दोहराई है और वहां रहने वाले भारतीयों से उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा भारत को पश्चिम एशिया में फिर से हो रहे हमलों पर बहुत अफ़सोस है। यह घटनाक्रम अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बहुत चिंता की बात है। इस लड़ाई को अब 100 दिन से ज़्यादा हो गये हैं और इससे पहले ही लोगों की परेशानियां बढी हुई हैं। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है। भारत ने सभी पक्षों से तनाव कम करने की अपील की है और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि आम लोगों को कोई नुकसान न हो और कूटनीतिक समाधान के लिए चल रही बातचीत को पूरा करें जिससे कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता लौट सके।

# मालवीय नगर अग्निकांड में गरीब सेफ पर सारा इल्जाम डालकर बड़े लोगों को बचा रही सरकार : आप

नयी दिल्ली, (वार्ता)

आम आदमी पार्टी(आप) ने मालवीय नगर अग्निकांड मामले में होटल के सेफ की गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकार इस मामले में गरीब सेफ पर सारा इल्जाम डालकर बड़े लोगों को बचा रही है।

आप के वरिष्ठ नेता एवं बुराड़ी के विधायक संजीव झा ने कहा कि भाजपा सरकार इस अग्निकांड मामले में गरीब सेफ पर सारा इल्जाम डालकर बड़े लोगों को बचा रही है। ऐसा बताया जा रहा, जैसे सेफ ही अवैध होटल चला रहा था और उसके कारण ही एमसीडी या पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि अग्निकांड के चंद दिन बाद ही भाजपा सरकार की गहन जांच और जिम्मेदार बड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई की पोल खुल गई है। अगर सरकार निष्पक्ष है तो सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई करे। सिर्फ प्रवासी होने के कारण सेफ को फंसाया जा रहा है। आम आदमी पार्टी उसके साथ अन्याय नहीं होने देगी।

उन्होंने बताया कि जांच के नाम पर कार्रवाई किस पर हो रही है, यह देखने वाली बात है। केशव नेगी, जो उत्तराखंड के पहाड़ों से आते हैं और उस होटल में शेफ हैं, सारा इल्जाम उन पर डाल दिया गया है। ऐसा बताया जा रहा है जैसे सारी जिम्मेदारी उन्हीं की है, उन्हीं के कारण यह अवैध इमारत बनी और अवैध होटल चल रहा था। मानो उन्हीं की गलती के कारण पुलिस और एमसीडी ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह सब एक भद्दा मजाक चल रहा है।

आप नेता ने कहा , जांच के नाम पर फिर से एक गरीब को फंसाने की कोशिश की जा रही है क्योंकि वह उत्तराखंड से आए एक प्रवासी हैं। सरकार को लगता है कि उनका साथ देने वाला कोई नहीं है, लेकिन हम यह अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे और ऐसा होने नहीं देंगे। उम्मीद है कि रेखा गुप्ता की सरकार और उनका पूरा प्रशासन केशव नेगी के साथ न्याय करेगा और उनके साथ अन्याय नहीं होने देगा। अगर उनके साथ अन्याय हुआ तो न केवल दिल्ली, बल्कि उत्तराखंड के लोग भी उनके साथ खड़े होंगे और न्याय की मांग करेंगे।

## नेतन्याहू के पास अमेरिका-ईरान समझौता स्वीकारने के अलावा कोई विकल्प नहीं : ट्रम्प

**वॉशिंगटन, (स्पुतनिक/वार्ता)**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास अमेरिका-ईरान के बीच होने वाले किसी भी संभावित समझौते को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। श्री ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल इन वार्ताओं के परिणाम तय नहीं करता है। श्री ट्रंप ने कड़े लहजे में कहा, फैसले मैं लेता हूं। सारे फैसले मैं ही करता हूं। वह फैसले नहीं लेते। श्री ट्रंप ने यह दावा भी किया कि इजरायल पर ईरान के किये गये हाल के मिसाइल हमलों का ईरान से बातचीत जारी रखने की उनकी इच्छा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, इस घटना का समझौते पर कोई प्रभाव नहीं होने वाला है।इसके साथ ही, ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि यह बातचीत विफल रहती है तो अमेरिका या तो ईरान की नाकेबंदी जारी रख सकता है या सैन्य बल का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक नाकेबंदी उस देश पर किये गये किसी भी हमले से कहीं अधिक शक्तिशाली रही है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 69 वर्ष की हुई डिंपल कपाड़िया



हिंदी सिनेमा की चर्चित और प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में शुमार डिंपल कपाड़िया आज 69 वर्ष की हो गईं। 08 जून 1957 को एक गुजराती परिवार में जन्मी डिंपल कपाड़िया को फिल्म जगत में लाने का श्रेय शोमैन राज कपूर को जाता है। सत्तर के दशक में राज कपूर अपनी फिल्म बॉबी के लिए नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने डिंपल को फिल्म में अभिनय का अवसर दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। बॉबी अभिनेता ऋषि कपूर की भी पहली फिल्म थी। वर्ष 1973 में प्रदर्शित बॉबी में डिंपल ने एक किशोरी की भूमिका निभाई और अपनी पहली ही फिल्म से स्टार बन गईं। फिल्म की अपार सफलता के बाद उन्हें कई फिल्मों के प्रस्ताव मिले, लेकिन उन्होंने अभिनेता राजेश खन्ना से विवाह कर फिल्म जगत से दूरी बना ली।करीब एक दशक बाद वर्ष 1984 में फिल्म जख्मी शेर के जरिए डिंपल ने फिल्मी दुनिया में वापसी की। हालांकि यह फिल्म सफल नहीं रही, लेकिन वर्ष 1985 में रिलीज हुई रमेश सिप्पी निर्देशित सागर ने उन्हें एक बार फिर चर्चा में ला दिया। फिल्म में ऋषि कपूर के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया और उनके अभिनय की व्यापक सराहना हुई। इसके बाद जांबाज, जख्मी औरत, अर्जुन, एतबार, काश, राम लखन, प्रहार, बंटवारा, अजूबा, नरसिम्हा, गर्दिश और क्रांतिवीर जैसी फिल्मों में उन्होंने अपने अभिनय का प्रभाव छोड़ा। वर्ष 1991 में प्रदर्शित लेकिन... उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शामिल है। इस फिल्म का गीत यारा सीली सीली आज भी संगीत प्रेमियों के बीच लोकप्रिय है। वर्ष 1993 में प्रदर्शित रूदाली डिंपल कपाड़िया के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने शनिचरी नामक महिला का संवेदनशील किरदार निभाया। फिल्म भले ही व्यावसायिक रूप से बड़ी सफलता हासिल नहीं कर सकी, लेकिन उनके अभिनय को समीक्षकों ने काफी सराहा। डिंपल कपाड़िया को अब तक तीन बार फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अपने करियर में 80 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। उनकी उल्लेखनीय फिल्मों में दिल चाहता है, बीइंग सायरस, पटियाला हाउस, कॉकटेल, वेलकम बैक, ब्रह्मास्त्र और पठान शामिल हैं।

# 51 वर्ष की हुई शिल्पा शेट्टी



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री और फिटनेस आइकन शिल्पा शेट्टी आज 51 वर्ष की हो गईं। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा शेट्टी ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की थी। उन्होंने बतौर अभिनेत्री अपने फिल्मी सफर की शुरुआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता शाहरुख खान की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। फिल्म की सफलता के साथ ही शिल्पा ने हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान बना ली। अपने करियर में शिल्पा शेट्टी ने अमिताभ बचन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा समेत कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया है। उन्होंने अभिनय के साथ-साथ टेलीविजन और फिटनेस के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।वर्ष 2009 में शिल्पा ने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह किया। इसके बाद उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रखा। वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म ढिशकियाऊं से उन्होंने बतौर निर्माता अपने करियर की शुरुआत की, हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी। फिटनेस को लेकर जागरूक शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। वह नियमित रूप से योग और स्वास्थ्य संबंधी वीडियो साझा कर अपने प्रशंसकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। शिल्पा शेट्टी के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, शूल, लाल बादशाह, धड़कन, फिर मिलेंगे और अपने शामिल हैं। हाल के वर्षों में उन्होंने डिजिटल मंच पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वर्ष 2024 में प्रदर्शित निर्देशक रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मैसा में तारक पोनप्पा की एंट्री, जन्मदिन पर सामने आया लुक



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म मैसा को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। इसी बीच फिल्म के निर्माताओं ने अभिनेता तारक पोनप्पा के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया है।फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर तारक पोनप्पा का पोस्टर साझा करते हुए उनके किरदार ईरा से दर्शकों को परिचित कराया। पोस्टर के साथ जारी संदेश में मेकर्स ने अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि दर्शक मैसा में ईरा के रूप में उनके उग्र और निर्दयी प्रदर्शन को देखने के लिए तैयार रहें। मैसा वर्ष 2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार की जा रही है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका निभा रही हैं। निर्माताओं के अनुसार फिल्म में रश्मिका एक दमदार और साहसी किरदार में नजर आएंगी, जो उनके अब तक के ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व से काफी अलग होगा।

अनफॉर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन रविंद्र पुल्ले कर रहे हैं। आदिवासी क्षेत्रों की पृष्ठभूमि पर आधारित मैसा एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म अपने भव्य दृश्यों, रोमांचक कहानी और रश्मिका मंदाना के सशक्त अभिनय के लिए चर्चा में है।

## अटारी बॉर्डर पर ए.आर. रहमान की ऐतिहासिक प्रस्तुति, मैं वापस आऊँगा टीम ने जवानों को दी श्रद्धांजलि

आगामी फिल्म मैं वापस आऊँगा की टीम ने अटारी बॉर्डर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगीतकार ए.आर. रहमान ने प्रतिष्ठित अटारी बॉर्डर पोस्ट पर अपनी पहली लाइव प्रस्तुति देकर इतिहास रच दिया।जय हो- ए म्यूज़िकल सैल्यूट टू द ब्रेवहार्ट्स शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन प्रसिद्ध बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान किया गया। जेसीपी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में हजारों दर्शक देशभक्ति और राष्ट्रभावना का उत्सव मनाने के लिए जुटे। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति के नारों, तालियों और उत्साह का माहौल बना रहा।



फिल्म मैं वापस आऊँगा भारत विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित प्रेम और बिछड़न की कहानी है। फिल्म के निर्माताओं के अनुसार इसकी कहानी विभाजन के दौर के लोगों के अनुभवों और भावनाओं से प्रेरित है। कार्यक्रम की शुरुआत फिल्मकार इम्तियाज अली, बिरला स्टूडियोज की अनन्या बिड़ला, अभिनेता वेदांग रैना और विंडो सीट फिल्म्स के निर्माता मोहित चौधरी ने दर्शकों का स्वागत कर तथा बीएसएफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए की।

स्वतंत्र मत
जबलपुर



# प्राकृतिक व पर्यावरण संरक्षण के लिए जल अत्यंत आवश्यक है : सांसद दर्शन सिंह चौधरी

## जल संरक्षण समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, कलेक्ट्रेट परिसर में जल संवाद कार्यशाला सम्पन्न

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।



सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि विश्व में जल की समस्या विकराल रूप ले रही है, इसलिए जल का संरक्षण करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि जल को बनाया नहीं जा सकता, बल्कि उसे बचाया जा सकता है।

प्राकृतिक और पर्यावरण संरक्षण के लिए जल अत्यंत आवश्यक है। सांसद श्री चौधरी शनिवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण नरसिंहपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भू-जल भरण की विशिष्ट तकनीकों पर आयोजित जल संवाद कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र नागेश, श्री रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए जल को बचाना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक जल संरक्षण व संवर्धन के लिए संकल्प लें और जल का संरक्षण करें।

वर्षा जल को व्यर्थ न बहने दें तथा उसे सोखपिट और कंटूर ट्रेंच के माध्यम से भूमिगत करें, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने-अपने घरों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाएं, जिससे वर्षा जल को भूमिगत किया जा सके। सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने जल के महत्व को बताते हुए कहा कि जल है तो जीवन है। आओ हम सब मिलकर जल संरक्षण के इस अभियान को पूरा करें और आने वाली पीढ़ी के लिए जल बचाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि हमें जल संरक्षण के इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाना होगा, जिससे हर व्यक्ति जल के महत्व को समझकर इस अभियान में शामिल हो सके।

सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रत्येक परिवार व नागरिक का कर्तव्य है कि उसे जितने जल की आवश्यकता है, उतना ही जल का उपयोग करें, जल को व्यर्थ न बहाएं और न ही बहने दें, जिससे नरसिंहपुर जिला जल बचाने के इस अभियान में अव्वल स्थान पर रहे। कार्यशाला में प्रसिद्ध भूगर्भ वैज्ञानिक डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने जल के महत्व, वर्तमान में जल प्रदूषण की व्यापक चुनौतियों तथा भविष्य के रेखांकन के साथ स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। ग्राम पंचायत द्वारा भू-जल भरण के कार्यों पर प्रकाश डाला और वर्षा जल को सुरक्षित करने के उपाय बताए।



# 1008 लाड़ले ठाकुर निवृत्ति निकुंज बिलासी श्री राधावल्लभ लालजू का ब्याहुला उत्सव संपन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस शहर के श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में श्री राधाकृष्ण जी का व्याहुला (विवाह) महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरु परम्परा के अधिकारी आचार्य श्री यादवेन्द्र वल्लभ गोस्वामी ने अपने सान्निध्य में महोत्सव को संपन्न कराया। इस ?महोत्सव के दौरान जबलपुर से आई रसिक मंडली द्वारा विवाह के विभिन्न संस्कारों जैसे हल्दी, मेहंदी एवं फेरे आदि पर आधारित पदगान प्रस्तुत किये गये । यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विदित हो कि इस कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 4 बजे से ढ़ोल बाजे के साथ बारात निकाली गई इसके पश्चात संध्या आरती हुई और फिर व्याहुला का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ इस महोत्सव के दौरान जबलपुर से आई रसिक मंडली द्वारा पदगान गाये गये एवं अंत मे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। यहाँ उल्लेखनीय है कि इन दिनों मंदिर मे पुरुषोतम माह पर प्रतिदिन सुबह महिलाओ द्वारा पूजन अर्चना की जाती है।

ऐसे मे सुबह विवाह उत्सव मे महिलाओ ने एक दूसरे को हल्दी लगाकर हल्दी रस्म मे अहम भूमिका निभाई एवं भगवान कृष्ण के भजनो पर उनकी भक्ति मे लीन दिखाई दीं। व्याहुला उत्सव आयोजन मे पुजारी कमलेश भार्गव द्वारा भगवान के श्रंगार सहित अन्य पूजन गतिविधियां संपादित कराई गई। सम्पूर्ण आयोजन मे अनेक धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# 30 जून तक सभी विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी निर्माण का लक्ष्य

## विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस का आयोजन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की अपार आई डी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा द्वारा जारी निर्देशानुसार यह अभियान ३0 जून 2026 तक संचालित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्रोत समन्वयकों एवं संकुल प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आई डी बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।अभियान के तहत विद्यालय स्तर पर अपार आई डी विहीन विद्यार्थियों की सूची तैयार कर उन्हें दो श्रेणियों में विभाजित किया जाए। जिन विद्यार्थियों का आधार कार्ड उपलब्ध है, उनके आधार, नामांकन एवं चाइल्ड प्रोफाइल की जानकारी का मिलान कर आवश्यक संशोधन करते हुए अपार आई डी तैयार की जाए। जिन विद्यार्थियों का आधार उपलब्ध नहीं है, उनके लिए आधार पंजीयन एवं संशोधन की कार्यवाही कराई जाए।विद्यालयों में मेगा अपार दिवस का आयोजन प्रत्येक शनिवार को किया जाए, जिसमें विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अपार आई डी के महत्व के संबंध में जानकारी दी जाए। इसके लिए जनशिक्षकों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रभारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं।जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अपार आई डी विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। सभी विद्यालयों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कर साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए ३0 जून 2026 तक अपार आई डी निर्माण का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देश जारी कर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित संस्था प्रमुखों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# मां नर्मदा समाजसेवी संस्था की बैठक संपन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

विगत दिवस मां नर्मदा समाज सेवी संस्था की बैठक ग्राम अनघोरी में मॉ नर्मदा तट पर संपन्न हुई द्य बैठक में मुख्य अतिथियों के रूप में अनघोरी आश्रम के पुजारी, संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्रवण पटेल, प्रदेश महामंत्री एवं संस्थापक भैया जी रावत, प्रदेश मंत्री ठाकुर धर्मपाल सिंह एवं कमलेश सिंह परमार , जिला अध्यक्ष अजीत पटेल, जिला महामंत्री अशोक भार्गव, दुर्गपाल राजपूत एवं संस्था के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी रहे द्य कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मां नर्मदा मैया की पूजन अर्चना की गई द्य तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया द्य सभी की सर्वसम्मति से लगभग 20 ग्रामों को समाहित करते हुए ग्राम पीपरपानी नाम से मंडल बनाया गया जिसके अध्यक्ष रामकुमार पाराशर पीपरपानी, मंडल महामंत्री रामपाल सिंह राजपूत अनघोरी, मंडल उपाध्यक्ष



जीवन सिंह राजपूत पिठरास को बनाया गया द्य कार्यक्रम में अनेकों ग्रामों की ग्राम इकाइयों के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी भी बनाए गए द्य बैठक के दौरान सभी की सर्वसम्मति से जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र मेहरा पत्रकार, जिला मंत्री मनमोद सिंह गुर्जर खकरिया बनाये गये द्य पलोहा एवं बिछुआ ग्राम के नाम से मंडल बनाया गया जिसमें पलोहा मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल ग्राम झिरिया एवं बिछुआ मंडल अध्यक्ष केहर सिंह कीर को बनाया गया द्य उद्बोधन की श्रृंखला में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों ने मां नर्मदा मैया के संरक्षण एवं संवर्धन की बात करते हुए सभी तटों पर विशेष साफ सफाई रखने की बात कही द्य इस दौरान सभी नर्मदा भक्तों से अपील की गई की सप्ताह में एक दिन अपने नजदीकी नर्मदा तट पर जाकर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए द्य अंत में आश्रम के गुरु जी ने मां नर्मदा के तटों पर चल रहे रेत के अवैध उत्तखनन को बंद करने की बात कही द्य कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अनघोरी के सरपंच द्वारा आभार व्यक्त किया गया द्य कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल, जिला मंत्री भैया जी ठाकुर एवं मनोज पटेल, तहसील साइखेड़ा के अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल, उपाध्यक्ष सूरज सिंह राजपूत, सचिव रेवाशंकर कटारे, केदार सिंह राजपूत, नानकराम पटेल, मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय साहब, कैलाश उदेनियां, कमलेश पटेल के अलावा दूरदर्शी ग्रामीण इलाकों से सैकड़ो की संख्या में नर्मदा भक्तों की उपस्थिति रही।

# सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया करेली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने शनिवार को करेली रेलवे स्टेशन पहुंचकर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निर्माण कार्यों की समीक्षा कर समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि रेलवे अधोसंरचना का विकास क्षेत्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। करेली रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ व्यापार, रोजगार एवं क्षेत्रीय विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही यात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए जनहित के अनुरूप निर्णय लेने और कार्यों में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश भी दिए। सांसद श्री चौधरी ने रेलवे स्टेशन परिसर के बाहरी क्षेत्र में आमजन की सुविधा के लिए एक सुव्यवस्थित पार्क विकसित करने तथा यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के लिए नए आवागमन मार्ग विकसित करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन का विकास केवल भवन निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि यह क्षेत्र के नागरिकों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से करेली रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त, स्वच्छ, सुरक्षित एवं यात्री-अनुकूल स्टेशन के रूप में विकसित होगा, जिससे नरसिंहपुर जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# ग्राम पंचायत देवरी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिले में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के कला पथक दल द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत देवरी में नशा मुक्ति से संबंधित संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

# सीतारेवा नदी पर आयोजित हुई जल संगोष्ठी व पौधरोपण के कार्यक्रम

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीतारेवा नदी के तट पर जल संगोष्ठी, पौधरोपण व वृक्षपूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति सबुरिया के तत्वाधान में सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के द्वारा किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड चीचली के तत्वाधान में नवांकुर संस्था माही समाज कल्याण समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भामका के द्वारा वार्ड विकास समितियों के समन्वय से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं हरियाली बढ़ाने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों, समिति सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दी।

# विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कृषि उपज मंडी प्रांगण सिहोरा में जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि हर नागरिक को पौधरोपण करना चाहिए, जिससे पर्यावरण का संरक्षण कर धरती को सुरक्षित एवं समृद्ध रख सकें। पर्यावरण बचेगा तो प्रकृति बचेगी, प्रकृति बचेगी तो जीव सृष्टि भी बचेगी। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए अधिकाधिक पौधे लगाने का संकल्प लें।

# मतदाता संशोधित कार्यक्रम जारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 की तैयारी के लिए प्रक्रिया एवं समय-सारणी में संशोधन करते हुए नया कार्यक्रम जारी किया गया है। इस संबंध में आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों स्थानीय निर्वाचन को निर्देश जारी किए हैं आयोग द्वारा जारी पत्र के अनुसार पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण की समय-सीमा में संशोधन किया गया है संशोधित कार्यक्रम के तहत दावा-आपत्ति प्राप्त करने, मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएगी।

# सड़क से हटाए अतिक्रमण मिली राहत

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।

क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और वर्षों से चली आ रही जाम की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम सचिन जैन स्वयं तेज धूप और दोपहरी में मौके पर पहुंचे तथा बस स्टैंड परिसर एवं जनपद रोड पर अव्यवस्थित रूप से लगी दुकानों को हटवाकर पुराने बाजार हाट परिसर में स्थानांतरित कराया घुघरी के जनपद रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में प्रत्येक सप्ताह लगने वाले बाजार के कारण यातायात बाधित हो जाता था सड़क पर दुकानों के फैलाव से पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार समझाइश देने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ था प्रशासन ने सभी दुकानदारों को पुराने बाजार हाट परिसर में दुकान लगाने के निर्देश दिए कार्यवाही के दौरान कुछ व्यापारियों ने पूर्व स्थान पर ही दुकान लगाने का प्रयास किया जिस पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए उनका सामान जब्त कर लिया बाजार शिफ्टिंग के साथ ही बस स्टैंड से बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमण को भी हटाया गया। कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर टीन शेड और अतिरिक्त निर्माण कर रास्ता संकरा कर दिया गया था जिसे प्रशासन ने मौके पर हटवा दिया।

# रथयात्रा की तैयारियों पर बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा को लेकर उत्साह का माहौल है। इस्कॉन मंदिर उज्जैन के मार्गदर्शन में मंडला में द्वितीय वर्ष श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन आगामी 24 जुलाई शुक्रवार को किया जाएगा रथयात्रा को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से स्थानीय भक्तवृंद द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं इसी क्रम में बैठक का आयोजन इस्कॉन सेंटर जगन्नाथ हाई स्कूल के सामने एसपी ऑफिस के पास कलेक्ट्रेट रोड में किया गया जहां उपस्थित भक्तों ने आयोजन की सफलता के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने तथा विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा



के लिए एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में रथ यात्रा की तैयारियों, प्रचार-प्रसार, सेवा कार्यों, सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रसाद वितरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, धर्मप्रेमी नागरिकों एवं भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

# पृथक सूचीकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में जनगणना के प्रथम चरण में ओबीसी वर्ग के मकानों का पृथक सूचीकरण नहीं किए जाने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने आरोप लगाया कि वर्तमान जनगणना प्रक्रिया में अनुसूचित जाति एससी अनुसूचित जनजाति एसटी और अन्य श्रेणियों का उल्लेख है लेकिन ओबीसी वर्ग के लिए अलग विकल्प नहीं दिया गया है जिससे ओबीसी समुदाय के वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आ पाएंगे ज्ञापन में कहा गया कि जनगणना के पहले चरण में मकानों का सूचीकरण किया जा रहा है लेकिन यदि ओबीसी वर्ग के



मकानों की अलग से गणना नहीं होगी तो भविष्य में ओबीसी जातिगत जनगणना के आंकड़े भी प्रभावित होंगे।

संगठन ने मांग की कि जनगणना प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक श्रेणी जोड़ी जाए ताकि उनके सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्ज किए जा सकें मोर्चा के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि जनगणना का कार्य डिजिटल माध्यम से मोबाइल एप के जरिए किया जा रहा है। ऐसे में आंकड़ों की पारदर्शिता और सत्यता को लेकर लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगामी 22 जून को राष्ट्रव्यापी रैली और प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

# पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

पुलिस उप महानिरीक्षक, छिन्दवाडा रेंज छिन्दवाडा, श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, अभिलेखों, अपराध संबंधी रिकार्ड, लंबित प्रकरणों, सीसीटीएनएस कार्य एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण, लंबित अपराधों एवं शिकायतों के निराकरण, फरार एवं वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी तथा जनसुरक्षा संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपराधों की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई, गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा आमजन के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों, कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक सुझाव प्रदान किए तथा बेहतर पुलिसिंग के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। निरीक्षण के दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना, अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया, एसडीओपी, नरसिंहपुर, श्री मनोज गुप्ता, रक्षित निरीक्षक श्रीमति मनोरमा बघेल एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर फोकस

## वारंटियों की धरपकड़, बदमाशों के घर दस्तक





कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में अपराध नियंत्रण और कानूनव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से कटनी पुलिस ने विगत रात्रि कांबिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले भर में एक साथ की गई कार्रवाई के दौरान 117 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि निगरानी बदमाशों, गुंडा तत्वों और जिला बदर अपराधियों की सघन जांच की गई। काबिंग गश्त में जिले के 15 थाना प्रभारी और 170 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। सभी अधिकारी स्वयं मैदान में उतरकर कार्रवाई का नेतृत्व करते रहे। अभियान के दौरान विभिन्न न्यायालयों से जारी 50 गिरफ्तारी वारंट और 27 स्थायी वारंट तामील कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 50 गुंडा बदमाशों और 43 निगरानी बदमाशों के घरों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया। दो जिलाबदर अपराधियों की भी जांच की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ भी अभियान चलाया गया, जिसमें 26 आबकारी प्रकरण दर्ज किए गए। वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई, जबकि अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 42 चालान बनाए गए। सार्वजनिक स्थान पर अवैध हथियार रखने के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न धाराओं के तहत 214 से अधिक व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक और निवारक कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों ने आदतन अपराधियों के डोजियर भी भरवाए और उन्हें अपराध से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस प्रकार की कांबिंग गश्त और विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# सांसद वीडी शर्मा के प्रयासों से रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस को मिली मंजूरी

कटनी (स्वतंत्रमत)



क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए केंद्र सरकार ने रीवा से हैदराबाद (चर्लपल्ली) के बीच नई रेल सेवा शुरू करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। सांसद वी.डी. शर्मा के विशेष आग्रह पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई ट्रेन रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस (20158-20157) के संचालन को औपचारिक स्वीकृति दे दी है। यह ट्रेन कटनी मुड़वारा स्टेशन होते हुए संचालित होगी, जिससे कटनी एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने जानकारी देते हुए बताया कि नई रेल सेवा के शुरू होने से कटनी मुड़वारा स्टेशन से यात्रियों को पहली बार हैदराबाद (चर्लपल्ली) के लिए सीधा रेल संपर्क उपलब्ध होगा। इससे छात्रों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों तथा दक्षिण भारत में कार्यरत क्षेत्रवासियों को यात्रा के दौरान कनेक्टिंग ट्रेनों की परेशानी से राहत मिलेगी और समय की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन रीवा, कटनी मुड़वारा और खजुराहो क्षेत्र के लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगर से सीधा जुड़ाव होने से शिक्षा, रोजगार, व्यापार और पर्यटन के नए अवसर भी खुलेंगे। इस महत्वपूर्ण सौगात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद वी.डी. शर्मा ने क्षेत्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार रेल सुविधाओं के विस्तार और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ने का कार्य कर रही है। रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस का संचालन क्षेत्र के विकास को नई गति देगा तथा यह रेल सेवा कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। क्षेत्रवासियों ने भी नई रेल सेवा की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित मांग की पूर्ति बताया है। नई ट्रेन के संचालन से मध्यप्रदेश और दक्षिण भारत के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुविधाजनक होगा।

# महिला के पर्स से ढाई लाख का मंगलसूत्र चोरी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** रेल प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद चलती ट्रेन में यात्रियों के सामान चोरी जाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं तथा रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए बदमाश यात्रियों का कीमती सामान पार कर चलते बन रहे हैं। रविवार को जबलपुर से कटनी आ रही गाड़ी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस में सफर के दौरान बदमाशों ने एक महिला यात्री के पर्स से सोने का मंगलसूत्र पार कर दिया। लगभग दो से ढाई तोला वजनी सोने के मंगलसूत्र की कीमत लगभग ढाई से तीन लाख रूपए है लेकिन रेल पुलिस ने उसकी पुरानी कीमत 63 हजार 863 के हिसाब से मामला दर्ज किया है। इस संबंध में रेलसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह निवासी 30 वर्षीय दिव्या पति श्रीराम द्विवेदी रविवार को सुबह अपनी मां और मौसी के साथ पुरूषोत्तम मास में नर्मदा स्नान करने जबलपुर गई थी। बताया जाता है कि जबलपुर में नर्मदा स्नान करने के बाद दिव्या अपनी मां और मौसी के साथ कटनी आने जबलपुर से गाड़ी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हुई। बताया जाता है कि कटनी साउथ स्टेशन आने के पूर्व निवार से ट्रेन के निकलने के बाद दिव्या अपनी मां और मौसी के साथ सीट छोड़ कर ट्रेन के दरवाजे के पास आकर खड़ी हो गई। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने उसके पर्स में रखा मंगलसूत्र पार कर दिया। दिव्या की शिकायत के अनुसार उसका मंगलसूत्र दो से ढाई तोला वजनी था, जिसकी वर्तमान कीमत ढाई से तीन लाख रूपए होगी लेकिन रेल पुलिस ने 8 वर्ष पुरानी कीमत के हिसाब से उसकी कीमत 63 हजार 863 रूपए दर्ज की है।

# 10 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

## संघ ने किया जंतर मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन और प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन भी सौंपा

कटनी (स्वतंत्रमत)



मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 07 जून को अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ एवं मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जंतर मंतर दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के गणेशन अध्यक्षता एवं महेंद्र शर्मा प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ व राष्ट्रीय मुख्य महासचिव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। संघ की प्रमुख मांगे 8वें वेतन आयोग में डी ग्रुप के कर्मचारियों के वेतन में 40 प्रतिशत वृद्धि की जाए पुरानी पेंशन लागू किया जाए केंद्र सरकार द्वारा लाए गए श्रम विरोधी कानूनों को वापिस लिया जाए सभी राज्यों में ग्रुप डी की सीधी भर्ती की जाए आउटसोर्स प्रथा बंद किया जाए सभी राज्यों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा उषा कार्यकर्ता कोटवार रसोईया बहनों को कम से कम 30000 हजार वेतन दिया जाए दस वर्ष की सेवा कर चुके समस्त दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित किया जाए अन्य मांगों का प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री भारत सरकार के नाम का ज्ञापन भी सौंपा गया उक्त कार्यक्रम का संचालन संघ के प्रांतीय महामंत्री अजय दुबे ने किया उक्त ज्ञापन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी दर्शन सिंह लाभाना, रामराज्य दुबे, बीएम नटराजन वेंकट, राजू, सुरेश यादव, सुधीर भार्गव, मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी रामकुंडल सेन, कमलेश पटेल, विपिन पिपरे, पूर्णेश उइके, जिलाध्यक्ष नरेश सिंह कुलस्ते, जिलाध्यक्ष जबलपुर डीआर वाघमारे पांढुर्णा, वैद्यनाथन अय्यर, ओम प्रकाश, देवेंद्र पटेल, प्रेम नारायण ठाकुर, कटनी धर्मेंद्र, राज, हरीश बेन, शैलेन्द्र अहिरवार अन्य राज्यों के समस्त जिलों के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

# आईटीआई में प्रवेश पंजीयन 30 जून तक

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित आईटीआई चलो अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने युवाओं से अपील की है कि वे जिले में संचालित सातों शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में प्रवेश के लिए 30 जून तक अपना पंजीयन अवश्य कराएं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने नजदीकी आईटीआई में जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि राज्य शासन का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। आईटीआई में विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा उद्योगों, सेवा क्षेत्र और निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार हासिल कर सकते हैं तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले की सभी सात शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और 30 जून तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। युवाओं को किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए संबंधित आईटीआई संस्थान से संपर्क करने की सुविधा भी उपलब्ध है। कलेक्टर ने विशेष रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं को भी इस अवसर का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि शासन की नीति के अनुसार आईटीआई प्रवेश में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। इससे तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# विकास पथ पर आगे बढ़ता बिरसा मुंडा वार्ड

## जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन

कटनी (स्वतंत्रमत)



नगर निगम कटनी द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को बिरसा मुंडा वार्ड, पुरैनी स्थित आधारकाप रोड में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद नन्हींबाई तुलाराम गोटियाँ, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्वश्री डॉ. रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, पार्वती निषाद नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में आवश्यक अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास कर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन, स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। क्षेत्रीय पार्षद नन्हींबाई गोटियाँ ने कहा कि वार्डवासियों की लंबे समय से पेवर ब्लॉक निर्माण की मांग थी, जिसके पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। नागरिकों ने विश्वास व्यक्त किया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा वार्ड के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

# साईं भजन संध्या का आयोजन

## नबाब खान के आतिथ्य में हुआ भव्य आयोजन, कौमी एकता का प्रतीक माना गया

कटनी (स्वतंत्रमत)



विजयराघवगढ़ कैमोर अमरैयापार कैमोर में साईं सेवा समिति द्वारा आयोजित 25वीं साईं भजन संध्या श्रद्धा भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम बनकर सामने आई। बीते 25 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है। बल्कि समाज को जोड़ने और सेवा भाव को बढ़ावा देने का भी प्रेरणास्रोत है। इस वर्ष आयोजित रजत जयंती समारोह में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। भव्य मंच आकर्षक विद्युत सज्जा और साईं नाम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। देर रात तक चले भजन कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे और साईं बाबा के चरणों में अपनी आस्था अर्पित करते रहे। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कटनी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर नवाब खान रहे। अपने संबोधन में उन्होंने साईं सेवा समिति की 25 वर्षों की सतत सेवा यात्रा की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता भाईचारे और मानव सेवा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। इंजीनियर नवाब खान केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। शिक्षा स्वास्थ्य जरूरतमंदों की सहायता युवाओं के मार्गदर्शन तथा सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्षेत्र में व्यापक सराहना होती है। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में उनकी सक्रिय सहभागिता समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने हमेशा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। साईं सेवा समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग करने वाले सभी समाजसेवियों प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस विभाग तथा श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# 4 प्रस्फुटन गाँव में पौधारोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला कटनी के जिला समन्वयक तेज सिंह केसवाल एवं नवांकुर संस्था मानव जीवन विकास समिति सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह के नेतृत्व में एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर नंदनी वाटिया के सहयोग से नवांकुर योजना अन्तर्गत सेक्टर क्रमांक 04 बसाडी के सेक्टर प्रभारी गुलशन सिंह रुहेल के द्वारा सेक्टर की सभी प्रस्फुटन समितियों नन्हवारा खुर्द, परसवारा खुर्द, बेहड़ी कला एवं कुम्हरवारा के सहयोग से सभी जगहों पर पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत संगोष्ठी, शपथ एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं, महिलाओं, किसानो एवं ग्रामीणों को जागरूक कर पर्यावरण सुरक्षा में अपना सहयोग निरन्तर देने के लिए प्रेरित किया गया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नंदनी वाटिया ने वर्तमान परिदृश्य अनुसार अत्यधिक पेड़ो की कटाई से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी देते हुए वृहद फलदार पेड़ों को लगाने, सघन वनों से होने वाले लाभों, दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रभाव के बारे में बहुत ही रोचक जानकारी दी गई। इन सभी कार्यक्रमों में कमलेश तिवारी, बृजलाल सिंह, रोहन सिंह, रामकृपाल, प्रीति, अनिल सिंह, राजेश सिंह, अमलाबाई, गजराज सिंह, गंगाराम पटेल, लेखराज मिश्रा, रश्मि, अनीता, सरस्वती पटेल, चमेली बाई, अर्चना, गवली बाई, ममता, सरिता, कुशमी बाई, धूपा बाई, लक्ष्मी, सोमवती, मोहनी, उमा पटेल, रवि सिंह, मोल सिंह, जगदीश सिंह, सावित्री, कलाबाई, रामा, केशकली, शकुन्तला, श्यामलाल, विशरती बाई, लल्लू, दिनेश सहित ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सहयोग प्रदान किया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे जायेंगे पौधे

कटनी (स्वतंत्रमत)

भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक विविध गतिविधियों एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू पौधारोपण का यह कार्यक्रम प्रत्येक विकासखण्ड व नगरीय निकायों में एक पेड़ मां के नाम अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर 21 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान में पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए नोडल विभाग पर्यावरण विभाग रहेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग इस अभियान को क्रियान्वित करायेंगे। अभियान के दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्र के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग नोडल विभाग रहेगा। साथ ही शासकीय कार्यालय भवन, स्कूल भवन, छात्रावास भवन आदि में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा और जल स्त्रोतों के सफाई एवं गहरीकरण आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के तहत 12 जून से 18 जून की अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड, नगरीय



निकाय मुख्यालयों पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण शिविर आयोजित किए जायेंगे। यह शिविर 3 दिवसीय होगा। मैदानी अमले के सहयोग से ऐसे लाभार्थियों को शिविर तक लाने का कार्य किया जायेगा। अभियान के अंतर्गत आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी एवं वीबी-जी-रामजी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं अंतर्गत पंजीयन कराया जायेगा। साथ ही सी.एम. हेल्प लाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत अभियान अवधि में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। इन शिविरों के लिए नोडल विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, राजस्व विभाग तथा लोक सेवा प्रबंधन विभाग होंगे।

### प्राकृतिक खेती से संबंधित कार्यशालाएं होंगी आयोजित

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 19 एवं 20 जून को जिले में दो स्थानों पर कृषि विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों एवं अन्य अनुभवी व्यक्तियों द्वारा प्रदर्शन एवं व्याख्यान सहित प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी।


## नाम परिवर्तन

मेरे द्वारा घोषणा की जाती है कि पूर्व में मेरा नाम अशोक विश्वकर्मा वल्द पूरन लाल विश्वकर्मा था, जो कि बदलकर अब नया नाम अशोक कुमार विश्वकर्मा वल्द पूरन लाल विश्वकर्मा हो गया है। अतः अब मुझे मेरे नये नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**पुराना नाम**
**अशोक विश्वकर्मा**
**नया नाम**
**अशोक कुमार विश्वकर्मा**
**पत्ता 114, टिकरिया शिवराजपुर ग्राम टिकरिया शिवराजपुर पोस्ट निवार जिला कटनी-483442**

# भारत की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत

## अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराया, मानव सुथार को 7 विकेट




**मुल्लांपुर (वार्ता)।** लेफ्ट आर्म स्पिनर मानव सुथार ( कुल सात विकेट), ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर (पांच विकेट) और चायना मैन गेंदबाज कुलदीप यादव (तीन विकेट) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को फॉलोऑन खेल रही अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 112 पर ढेर कर यह मुकाबला पारी और 300 रनों से जीत लिया। यह भारत के अपने टेस्ट क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। मानव सुथार को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

### सुंदर ने पांच और कुलदीप ने तीन विकेट लिए

मानव सुथार ने अपने पर्दापण टेस्ट की पहली पारी में छह और दूसरी पारी में एक विकेट लिया। वही वॉशिंगटन सुंदर ने कुल पांच विकेट और कुलदीप यादव ने तीन विकेट झटक कर भारत की सबसे बड़ी टेस्ट जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। चायकाल के बाद भारतीय गेंदबाजों ने मात्र 14 रन देकर अफगानिस्तान के शेष चार बल्लेबाजों करे पवेलियन भेज दिया। शराफउद्दीन अशरफ चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। आज के दिन कुल 14 विकेट गिरे, जिसमें पांच विकेट अफगानिस्तान की पहली पारी में गिरे थे और फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान दूसरी पारी में मात्र 112 रन ही बना पाई। दूसरी पारी में वॉशिंगटन ने चार और कुलदीप ने तीन विकेट लिए जबकि सुथार और सिराज को एक-एक विकेट हासिल हुआ। दूसरी पारी में अफगानिस्तान की ओर से सेदिकुल्लाह अटल ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। भारत ने यह मुकाबला पारी और 300 रनों से जीत लिया। यह मैच मानव सुथार के ड्रीम डेब्यू के लिए याद किया जाएगा जिन्होंने पहली पारी में छह विकेट हासिल किए और भारत को पहली पारी में 412 रनों की बढ़त दिलाने में उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मानव ने जजाई को आउट कर छठी सफलता दिलाई

चायकाल के बाद 32वें ओवर में मानव सुथार ने अफसर जजाई (आठ) को आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद अजमतउल्लाह ओमरजई (चार) को वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया।

वहीं 36वें ओवर की चौथी और पांचवीं गेंद पर कुलदीप यादव ने नांगेलिया खरोटे (छह) और मोहम्मद सलीम (शून्य) को आउट कर 112 रनों के स्कोर पर अफगानिस्तान की पारी का अंत कर दिया। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 11 ओवरों में 36 रन देकर चार विकेट झटके। कुलदीप यादव ने 7.5 ओवरों में 30 रन देकर तीन विकेट लिये। मानव सुथार और मोहम्मद सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### सिराज ने अब्दुल को रन आउट कर दिया

इससे पहले भोजनकाल के बाद 18 रनों से आगे खेल रही अफगानिस्तान को पहला झटका मोहम्मद सिराज ने अब्दुल मलिक (आठ) रन को आउट कर दिया। इसके बाद जमने का प्रयास कर रहे रहमानउल्लाह गुरबाज (24) रन का कुलदीप यादव ने शिकार कर लिया। रहमत शाह (13) और कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (चार) को वॉशिंगटन सुंदर ने आउट किया। 29वें ओवर की आखिरी गेंद पर वॉशिंगटन ने सेदिकुल्लाह अटल (42) को प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अफगानिस्तान ने चायकाल तक 98 रन बना लिये और उसके पांच शीर्ष बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके है। भारत को अब जीत के लिए पांच विकेटों की दरकार थी। भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन पर घोषित कर दी थी।



# विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत ने जीते 102 स्वर्ण सहित 114 पदक

**अहमदाबाद (वार्ता)।** भारतीय खिलाड़ियों ने सोमवार को यहां ईकेए एरिना में आयोजित पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाते हुए कुल 114 पदकों के साथ प्रतियोगिता का शानदार समापन किया। इसमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। पदक तालिका में जापान तीन स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं अर्जेंटीना ने तीसरा स्थान हासिल किया, जिसका श्रेय काफी हद तक उसकी एकमात्र प्रतिनिधि नाबिला बर्राजा को जाता है। बर्राजा ने अकेले ही दो स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर अपनी टीम को शीर्ष तीन में पहुंचाया। पदक तालिका में नेपाल पांचवें स्थान पर रहा, लेकिन कुल पदकों की संख्या के लिहाज से वह भारत के बाद दूसरा सबसे सफल दल साबित हुआ। नेपाल ने एक स्वर्ण, 36 रजत और 15 कांस्य सहित कुल 52 पदक अपने नाम किए। उज्बेकिस्तान ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, 13 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 25 पदक जीते और प्रतियोगिता के सबसे सफल देशों में शामिल रहा। पहली बार आयोजित इस विश्व योगासन चैंपियनशिप में दुनिया भर के कुल 79 देशों के 522 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 31 देशों के खिलाड़ियों ने कम से कम एक पदक जीता। इनमें से 10 देशों ने कम से कम एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अहमदाबाद में आयोजित पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप एक ऐतिहासिक आयोजन साबित हुई। वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने वाले इस शहर में आयोजित इस प्रतियोगिता ने योगासन के विकास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव स्थापित किया। इसने भारत की प्राचीन योग परंपरा को एक वैश्विक प्रतिस्पर्धी खेल विधा के रूप में स्थापित करने की दिशा में नया आयाम जोड़ा और ओलंपिक आंदोलन के अंतर्गत इसकी मान्यता के मार्ग को भी सशक्त बनाया। मेजबान भारत ने प्रतियोगिता में 122 सदस्यीय दल उतारा था। खिलाड़ियों ने छह आयु वर्गों में प्रतिस्पर्धा की, जिनमें सब-जूनियर पुरुष एवं महिला (10-14 वर्ष), जूनियर पुरुष एवं महिला (14-18 वर्ष), सीनियर (18-28 वर्ष), सीनियर-ए (28-35 वर्ष), सीनियर-बी (35-45 वर्ष) तथा सीनियर-सी (45-55 वर्ष) शामिल थे। विश्व योगासन के अध्यक्ष योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज ने अपने वीडियो संदेश में कहा, विश्व योगासन चैंपियनशिप कोई मंजिल नहीं है।



# भारत ने 17 मेडल के साथ उलान बटार ओपन का समापन किया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय फ्रीस्टाइल रेसलिंग टीम ने आखिरी दिन सात मेडल (जिनमें तीन गोल्ड शामिल थे) जीते। इसके साथ ही भारत ने उलानबटार ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज़ का समापन कुल 17 मेडल के साथ किया। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत टूर्नामेंट की ओवरऑल टीम रैंकिंग में टॉप तीन में जगह बनाने में कामयाब रहा। रविवार को दीपक, दिनेश और सागर जागलान ने एक-एक गोल्ड मेडल जीता, जिससे भारतीय दल के लिए यह टूर्नामेंट बेहद सफल रहा। भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम रैंकिंग में ओवरऑल रनर-अप (दूसरे स्थान) का दर्जा हासिल किया और रूस के बाद दूसरे स्थान पर रहा। साथ ही, ग्रीको-रोमन डिवीज़न में 119 अंकों के साथ ऐतिहासिक ओवरऑल टीम चैंपियनशिप जीती। महिला रेसलिंग टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सात मेडल जीते और देश की ओवरऑल रैंकिंग को मजबूत किया। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, हमारी फ्रीस्टाइल टीम का रनर-अप बनना और ग्रीको-रोमन टीम का ओवरऑल चैंपियनशिप जीतना भारतीय रेसलिंग के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, विश्व-स्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच 17 मेडल जीतना प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को दर्शाता है। दीपक ने कजाकिस्तान के असिल ऐताकिन को 6-0 से हराकर 61 किग्रा फ्रीस्टाइल में गोल्ड मेडल जीता।

# भारतीय महिला टीम ने अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को 26 रनों से हराया

**कार्डिफ (वार्ता)।**



भारती फूलमाली (नाबाद 56) के बाद श्रेयंका पाटिल (चार विकेट) और राधा यादव (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने सोमवार को टी-20 विश्वकप से पहले खेले गये अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज को 26 रनों से हरा दिया। 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 158 रन ही बना सकी और 26 रनों से मुकाबला हार गई।

डिएंड्रा डॉटिन और शमैन कैंपबेल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। नौवें ओवर में शमैन कैंपबेल (25) रिटायर आउट हुई। इसके बाद श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों पर शिकंजा कस लिया।

किआना जोसेफ (पांच), जाहज़रा क्लैक्सटन (छह), जैनिलिया ग्लास्गो (19) और ज़ायडा जेम्स (एक) रन को श्रयंका ने आउट किया। डिएंड्रा डॉटिन 44 गेंदों में (49), आलिया ऑलेन(13) और कप्तान शिनेल हेनरी (एक) को राधा यादव ने आउट किया। भारत की ओर से श्रेयंका पाटिल ने चार विकेट लिये।

राधा यादव को तीन विकेट मिले। आज यहां वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत के लिए शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की। छठे ओवर में आलिया ऑलेन ने स्मृति मंधाना को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना ने 23 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 39 रन बनाये। अगले ओवर में करिश्मा रामहैरक ने शेफाली वर्मा 13 गेंदों में (19) रन का शिकार कर लिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (सात) रन बनाकर आउट हुयी। यास्तिका भाटिया 23 रन बनाकर रिटायर आउट हुई। भारती फूलमाली ने 40 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 56) रनों की पारी खेली। ऋचा घोष (शून्य), श्रेयंका पाटिल (दो), राधा यादव (एक) को ऐफी फ्लेचर ने आउट किया।

भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 179 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज के लिए ऐफी फ्लेचर ने चार विकेट लिये। आलिया ऑलेन और करिश्मा रामहैरक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



# भारतीय पर्वतारोही कविता चंद ने सबसे ऊंची चोटी डेनाली फतह की

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारतीय पर्वतारोही और एंड्योरेंस एथलीट कविता चंद ने 6,190 मीटर ऊंची डेनाली चोटी पर सफलतापूर्वक पहुंचकर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डेनाली उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है और इसे फतह करने के साथ कविता ने दुनिया के 7 महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करने के अपने 7 समिट्स मिशन में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मी और पली-बढ़ीं कविता वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में अपनी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर लंबी दूरी की दौड़ और पर्वतारोहण को पूर्णकालिक रूप से अपनाया। 10 वर्षीय बच्चे की मां कविता ने पिछले कुछ वर्षों में एक समर्पित एंड्योरेंस एथलीट और उच्च हिमालयी पर्वतारोही के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमेरिका के अलास्का में स्थित डेनाली को 7 समिट्स अभियान की सबसे कठिन चोटियों में से एक माना जाता है। इसकी वजह यहां का अत्यंत प्रतिकूल मौसम, अधिक ऊंचाई और स्व-निर्भर (सेल्फ-सपोर्टेड) पर्वतारोहण प्रारूप है। अन्य बड़े अभियानों के विपरीत, डेनाली पर पर्वतारोहियों को अपना पूरा सामान, भोजन, ईंधन और अन्य जरूरी सामग्री स्वयं ढोनी पड़ती है। इस अभियान के दौरान पर्वतारोहियों को आमतौर पर 80 से 125 पाउंड तक का सामान अपने साथ ले जाना होता है। इसमें एक हिस्सा पीठ पर लदे बैग में और दूसरा स्लेज पर रखा जाता है। पहाड़ के निचले हिस्सों में पर्वतारोही भारी बैग के साथ ग्लेशियरों पर स्लेज खींचते हुए आगे बढ़ते हैं। ऊंचाई बढ़ने के साथ रास्ता अधिक खड़ा और कठिन हो जाता है, जहां स्लेज का इस्तेमाल संभव नहीं होता और पूरा सामान पीठ पर उठाकर ले जाना पड़ता है। कविता का अभियान 19 मई को अलास्का के एंकरेज शहर में टीम मीटिंग और उपकरणों की जांच के साथ शुरू हुआ। 20 मई को टीम तालकीटना पहुंची, जहां से पर्वतारोहियों को विमान के जरिए ग्लेशियर तक ले जाया जाता है, जो अभियान का शुरुआती बिंदु होता है। खराब मौसम के कारण उड़ानों में दो दिन की देरी हुई और टीम 22 मई की शाम को डेनाली बेस कैंप पहुंच सकी। इस चढ़ाई में डेनाली की प्रसिद्ध डबल कैरी रणनीति अपनाई गई।

## रुपया 43 पैसे टूटा

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को 43 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 95.61 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 56 पैसे की मजबूती के साथ 95.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 17 पैसे की गिरावट में 95.35 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 95.16 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत भी हुआ, लेकिन बाद में फिर कमजोर पड़ गया। एक समय यह 95.75 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया था।

## चावल मजबूत, गेहूं, चीनी नरम

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं और चीनी में नरमी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये बढ़कर 3,869 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 19 रुपये सस्ता हुआ और 2,775 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 30 रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 27 रुपये और तुअर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल 45 रुपये और उड़द दाल 18 रुपये सस्ती हुई। चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट चढ़कर 4,573 रिंगिट प्रति टन बोला गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.69 प्रतिशत की गिरावट में 73.61 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 66 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल की कीमत 141 रुपये और सूरजमुखी तेल की 40 रुपये टूट गयी।

# हिन्दुस्तान पेट्रोलियम ने 12,000 टन प्लास्टिक का पुनर्चक्रण किया



**मुंबई (वार्ता)।** पेट्रोलियम क्षेत्र के महारत्न सरकारी उपक्रम हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने स्वस्थ पैकेजिंग को लेकर प्रतिबद्धता मज़बूत करते हुए 2025-26 में 12 हजार टन प्लास्टिक का पुनर्चक्रण किया है और उत्पाद के विस्तारित दायित्व (ईपीआर) की शर्तों को शत प्रतिशत पूरा किया है। कंपनी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि वह चक्रीय अर्थव्यवस्था, संसाधनों के ज़िम्मेदार इस्तेमाल और नये प्लास्टिक पर निर्भरता कम करने के लिए नये समाधानों पर ध्यान रही है। कंपनी का कहना है कि वह एचपी लुब्रिकेंट्स के ज़रिए, कंपनी अपने पैकेजिंग पोर्टफोलियो में पीसीआर मैटीरियल यानी ग्राहक के इस्तेमाल के बाद बचे पैकेजिंग अपशिष्ट के पुनर्चक्रण से तैयार सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है और साथ ईपीआर की ज़रूरी शर्तों को भी पूरा कर रही है।

# वैश्विक चिंता में लुढ़के शेयर बाजार

## प्रमुख सूचकांक दो महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत लुढ़ककर दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 719.08 अंक (0.97 प्रतिशत) टूटकर 73,524.26 अंक पर बंद हुआ। यह गत दो अप्रैल का बाद का इसका निचला बंद स्तर है। वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया संकट गहराने से दूसरे एशियाई और यूरोपीय बाजार लाल निशान में रहे, जिसका असर घरेलू बाजारों पर देखा गया। इजरायल के ईरान के बीच ताजा हमलों से निवेश धारणा कमजोर हुई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 243.70 अंक यानी



1.04 प्रतिशत लुढ़ककर 23,123 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी छह अप्रैल के बाद का निचला स्तर है। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.93 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.92 प्रतिशत टूट गया। स्वास्थ्य को छोड़कर सभी सेक्टरों में गिरावट रही। रियल्टी और धातु समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा गिर गये। वित्त, ऑटो, आईटी, मीडिया, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन समूहों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक फिसल गये। एनएसई में जिन 3,408 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,541 के शेयरों में गिरावट और 757 में तेजी रही। अन्य 110 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित बंद हुए।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 23 के शेयर लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर 3.24 फीसदी लुढ़क गया। इंडिगो में 2.61 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.51, रिलायंस इंडस्ट्रीज औ टीसीएस में दोनों में 2.13, बजाज फाइनेंस में 2.05 और एलएंडटी में दो प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1.91 फीसदी, बजाज फिनसर्व का 1.89, ट्रेंट का 1.85, टाइटन का 1.61, एचडीएफसी बैंक का 1.18, मारुति सुजुकी का 1.07, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.04, आईसीआईसीआई बैंक का 0.97, एशियन पेंट्स का 0.96 और अडानी पोर्ट्स का 0.94 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी लाल निशान में रहे। पावरग्रिड का शेयर सबसे अधिक 1.79 प्रतिशत चढ़ा।

टेक महिंद्रा में 1.35 प्रतिशत, बीईएल में 1.20 प्रतिशत और भारती एयरटेल में 0.93 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 3.85 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.70 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 1.22 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।



# चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी का 0.6 प्रतिशत रहा

**मुंबई (वार्ता)।**

वित्त वर्ष 2025-26 में देश का चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.6 प्रतिशत पर 25.2 अरब डॉलर रहा। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में यह 22.9 अरब डॉलर था और वह भी उस साल के जीडीपी के 0.6 प्रतिशत के बराबर था। रिजर्व बैंक द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में चालू खाते में 7.1 अरब डॉलर का आधिक्य दर्ज किया गया। इसका मतलब है कि जितना पैसा देश से बाहर गया उससे ज्यादा पैसा देश में आया है। पूरे वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध वस्तु व्यापार का घाटा 337.3 अरब डॉलर रहा जिसमें 120.1 अरब डॉलर का घाटा पेट्रोलियम, तेल एवं स्नेह (पीओएल) में हुआ। सेवाओं के आदान-प्रदान शुद्ध रूप से 216.6 अरब डॉलर देश के पास आया। वित्त वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो निवेशकों ने शुद्ध रूप से 16.4 अरब डॉलर की निकासी की जबकि 6.9 अरब डॉलर का शुद्ध प्रत्यक्ष निवेश आया।



▶ ग्राम टिकरिया में संपन्न हुई आदिवासी समाज की बैठक

## शहादत दिवस पर याद किया बिरसा मुंडा का बलिदान

**सिहोरा।** आदिवासी समाज द्वारा ग्राम टिकरिया में बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिरसा मुंडा के126 वें शहादत दिवस के मौके पर चल रहे पखवाड़े के तहत उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान व समर्पण की व्याख्या की गई और उनके पदचिन्हों में चलने की शपथ ली गई। चर्चा के उपरांत आदिवासी सामाजिक व्यवस्था के तहत 32 गांव के प्रमुख परगना, मुखिया टिकरिया निवासी संतोष गोटिया और मुंशी के रूप में इंद्र कुमार गोटिया को नियुक्त किया गया।

▶ मंडी का घेराव कर सचिव को सौंपा ज्ञापन

## अवैध वसूली रोकने एकजुट हुए किसान

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** भारतीय किसान संघ द्वारा सिहोरा कृषि उपज मंडी का घेराव करते हुए विभिन्न मांगों को लेकर सचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गोपी जैन व्यापारी के द्वारा हरदुआ बंधा के किसान रामू पटेल, शिवा पटेल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर व्यापारी का लाइसेंस रद्द करने, मंडी में व्यापारियों द्वारा तुलाई के समय होने वाली लूटपाट बंद करने, भुगतान शाम को पहले ही मंडी के काउंटर पर करने, नगरपालिका के द्वारा की जा रही 20 रुपए की वसूली को रोकने का उल्लेख था।





# बिना बीमा, फिटनेस के पानी में दौड़ रहा था 13 लोगों की जान लेने वाला क्रूज

### बरगी डैम हादसे की न्यायिक जांच में बड़े खुलासे

### आंधी के अलर्ट के बावजूद पानी में उतारा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बरगी डेम में विगत 30 अप्रैल को हुए भीषण क्रूज हादसे की न्यायिक जांच में अब एक नया मोड़ सामने आया है। आपकों बतां दें कि इस हादसे में 13 लोगों की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। अब इस मामले की जांच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी से जुड़ी गंभीर खामियां सामने आई हैं। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता वाले न्यायिक जांच आयोग के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों और हलफनामों ने क्रूज संचालन से जुड़े कई सवाल खड़े कर दिए है। बताया जा रहा है कि याचिकाकर्ता अखिलेश त्रिपाठी ने अधिवक्ता पंकज दुबे के माध्यम से आयोग के समक्ष जो दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, उनके अनुसार दुर्घटनाग्रस्त क्रूज के पास वैध यात्री बीमा नहीं था। आरोप है कि क्रूज संचालक ने मैकल रिसॉर्ट की पुरानी बीमा पॉलिसी प्रस्तुत कर प्रशासन को गुमराह किया। यदि यह तथ्य जांच में प्रमाणित होता है, तो इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी गंभीर अनियमितता माना जाएगा।

जारी की थी चेतावनी

जांच में प्रस्तुत किए दस्तावेजों के अनुसार, मप्र अंतर्देशीय भाप पोत नियम, 1962 के तहत आवश्यक फिटनेस सर्वे नहीं कराया गया था। साथ ही अंतर्देशीय पोत अधिनियम, 2022 के तहत निर्धारित पंजीयन, सुरक्षा और बीमा संबंधी आवश्यक प्रावधानों का भी पालन नहीं किया गया।

इससे यह सवाल उठ रहा है कि बिना फिटनेस प्रमाणन और यात्री बीमा के व्यावसायिक संचालन की अनुमति किस स्तर पर दी गई। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि हादसे वाले दिन मौसम विभाग ने तेज आंधी और खराब मौसम को लेकर पूर्व चेतावनी जारी की थी।

इसके बावजूद क्रूज का संचालन जारी रखा गया। आयोग के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उपलब्ध मौसम अलर्ट के बावजूद पर्यटकों को जलाशय के भीतर ले जाया गया, जिससे दुर्घटना का जोखिम और बढ़ गया। इधर जांच अब उन जिम्मेदार व्यक्तियों और संस्थाओं की भूमिका पर केंद्रित हो रही है, जिनके निर्णयों और कथित चूकों के कारण यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ी।

# 3 टीटीई की जेबों में भरे थे खचाखच नोट अचानक धमक पड़ी रेलवे की विजिलेंस

### गोंडवाना एक्सप्रेस में हुई कार्यवाही

### पड़ताल में मिली डिक्लियरेशन से अधिक राशि

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



पश्चिम मध्य रेल विजिलेंस की टीम ने सोमवार सुबह मुख्य रेलवे स्टेशन में बड़ी कार्यवाही करते हुए 3 टीटीई कर्मचारियों को रंगे हाथों पकड़ लिया है। पकड़े गए तीनों टीटीई गोंडवाना एक्सप्रेस से उतरे थे और जब उनके पास रखे कैश का मिलान किया गया तो तीनों के पास से लगभग 46,300 रुपये अधिक पाए गए। विजिलेंस ने तीनों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए जबलपुर डिवीजन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को पूरा मामला सौंप दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 22182 गोंडवाना एक्सप्रेस के स्लीपर अथवा वातानुकूलित कोच में तीन टीटीई कर्मचारी मनोज कुशवाहा, कुंदन कुमार व अनिकेश कुमार ड्यूटी पर तैनात थे। ये तीनों टीटीई गोंडवाना एक्सप्रेस लेकर जबलपुर आ रहे थे।

## जुर्माना काटा, फिर भी नहीं दी रसीद

बताया जाता है कि किसी यात्री द्वारा विजिलेंस टीम को मोबाइल फोन पर यह सूचना मिली की ट्रेन में सवार टीटीई द्वारा यात्रियों से अवैध वसूली की जा रही है और जुर्माना वसूलने के एवज में जुर्माने की रसीद भी नहीं दी जा रही है। यहां सूचना मिलने के पश्चात जबलपुर स्टेशन पर घात लगाए हुए बैठे विजिलेंस टीम के सदस्यों ने जैसे ही सुबह 10 बजे गोंडवाना एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर पहुंची कि विजिलेंस टीम ने तीनों टीटीई को घेर लिया और जब उनके पास रखे हुए कैश का मिलान किया गया तो टीटीई द्वारा ट्रेन में सवार होने से पहले जो कैश का डिक्लियरेशन किया गया था उससे अधिक राशि प्राप्त हुई। जिस पर विजिलेंस ने केस बनाते हुए पूरा मामला जबलपुर रेल मण्डल के सीनियर डीसीएम डॉ. मुधर वर्मा को अग्रिम कार्यवाही के लिए सौंप दिया है। बताया जाता है कि पकड़े गए टीटीई कर्मचारियों के पास कुंदन कुमार से 32 हजार रुपये, अनिकेश कुमार से 14 हजार रुपये व मनोज कुशवाहा के पास से 3 सौ रुपये विजिलेंस ने बरामद किये हैं।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



जागृति सेंटर द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की टीम द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। दोनों टीम्स के सहयोग से शिविर का आयोजन हुआ शिविर में 6 सदस्यीय दंत चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा लगभग 20 से अधिक बच्चों का निःशुल्क दंत परीक्षण एवं उपचार किया गया, जिसमें दंत क्षय, मसूड़ों की बीमारियों, दांतों में दर्द, मुख संक्रमण एवं अन्य मौखिक रोगों की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए गए। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की डॉ. अंकिता सिंह सहित अन्य दंत चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हितकारिणी डेंटल कॉलेज की ओर से मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए यह कार्य किया गया। ताकि लोगों को अपने दांत एवं मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही तंबाकू के दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे बच्चों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक समिति द्वारा हितकारिणी डेंटल कॉलेज की टीम को उनके सराहनीय योगदान हेतु धन्यवाद प्रधान किया गया।



## अवकाश खत्म होने से पहले दुरुस्त किए जाएं सभी विद्यालय

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विकासखंड जनपद शिक्षा केंद्र, पनागर अंतर्गत समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला के नया सत्र प्रारंभ होने से पहले समीक्षा बैठक का आयोजन योगेश शर्मा, राजेश तिवारी ,मोनिका इक्का, पारुल राय चंदन चांसोरिया के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें नवीन सत्र के प्रारंभ होने से पहले सभी शालाओं में साफ सफाई ,स्वच्छता, नामांकन, मैपिंग , ट्रांजिशन लॉस, प्रोफाइल अपडेशन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन ,पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, गणवेश वेरीफिकेशन, चाइल्ड ट्रैकिंग सर्वे, जल गंगा संवर्धन अंतर्गत रेनवाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी की सफाई ,जर्जर भवन संबंधी समीक्षा की गई। राजेश तिवारी द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं की आगामी पूरक परीक्षा में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित कराने कहा।

# मासिक पेंशन के लिए दर-दर भटक रहे विकलांग, वृद्ध और विधवा महिलाएं

### कांग्रेस ने प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार पर लगाए आरोप



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को विकलांग, वृद्ध एवं विधवा हितग्राहियों को हर माह मिलने वाली 600 रुपये की पेंशन पिछले 4 माह से ना दिए जाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान महासचिव एवं जवाहरगंज वार्ड के जनसेवक मनोज नामदेव प्रदेश सरकार आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम के जोन कार्यालयों से लेकर बैंकों तक विकलांग, वृद्ध एवं विधवा महिलाएं लगातार चक्कर काट रही हैं, लेकिन उन्हें उनकी पेंशन की कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। कांग्रेसजनों ने नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या से अवगत कराया था, लेकिन इसके बावजूद भी हितग्राहियों को पेंशन नहीं मिल पाई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मोहन सरकार गरीब, वृद्ध, विकलांग एवं विधवा हितग्राहियों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि कड़ी धूप में परेशान होकर लोग अपने 600 रुपये की पेंशन के लिए भटकने को मजबूर हैं। कांग्रेसजनों ने सवाल उठाया कि आखिर इन गरीबों की पेंशन राशि कहां जा रही है। कांग्रेस नेताओं एवं पार्षदों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही 4 माह की लंबित पेंशन एवं आगे मिलने वाली पेंशन समय पर हितग्राहियों के खातों में नहीं पहुंचाई गई, तो कांग्रेसजन आंदोलन, घेराव, प्रदर्शन एवं तालाबंदी करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान आशीष तिवारी, अंशित सोनी, युवराज तिवारी, सागर भारद्वाज, सुशीला कन्नौजिया, एड. भावना निगम आदि उपस्थित रहे।

## युवकों के बीच चली तड़ातड़ गोली

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत चंदन कॉलोनी में युवकों के बीच विवाद में फायरिंग होने से हडकंप मच गया। फायरिंग में एक युवक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने आरोपी हमलावर एजेश रजक पर प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी बीडी दिवेदी ने बताया कि रात 12 बजे शुभम झारिया अपने कुछ दोस्तों के साथ खड़ा था। उसी समय स्विफ्ट कार में सवार एजेश रजक ने फायर कर दिया। शुभम ने बचने के लिए अपना सिर झुका लिया लेकिन गोली उसके घर की दीवाल से टकरा गई। वहीं शुभम ने अपनी शिकायत में बताया कि उसको गोली चलाने के दौरान ही जाती सूचक शब्द से गाली दी गई । थाना संजीवनी नगर में मामले को दर्ज कर लिया गया है । टीआई श्री द्विवेदी का कहना है कि चूंकि मौके पर अभी गोली के निशान एवं छर्रा भी नहीं मिलने से घटना की तहकीकात की जा रही है।

## कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

### पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत सिहोरा में प्रदर्शन




**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत सिहोरा में आम सभा एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आम सभा की अध्यक्षता प्रकाश कुरारिया ने की। पवन सोनी ने बताया कि वार्ड नंबर 17 की बस्ती जो पहाड़ी में बसी है, सरकार उसके पट्टे नहीं दे रही है। साथ ही खितौला में एक मात्र राशन दुकान है जो बस्ती के वार्ड 16, 17, 18 से बहुत दूर है, जबकि एक पृथक दुकान बस्ती में भी होना चाहिए, ऐसी भरी गर्मी में बेहिसाब लाइट कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल किया है ऊपर से बिजली के बिल भी लोगों के प्राण लिए ले रहे हैं। तेल और गैस की किल्लत काला बाजारी एवं अनियंत्रित भाव,अवैध शराब बिक्री, अवैध रेत उत्खनन,महगाई, भ्रष्टाचार एवं बढ़ते हुए अपराधों की समस्याओं की बात रखी। आम सभा के बाद कांग्रेस जनों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला जलाया। कार्यक्रम में संजय यादव, घनश्याम बड़गैया, निशार एहमद अंसारी, मनीष खंपरिया, वीरेन्द्र पटेल, प्रांजल सराफ आदि उपस्थित रहे।

## प्लेटफार्म पर चक्कर खाकर गिरा यात्री, रेलवे ने की मदद

***जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।*** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर एक यात्री को रेलवे द्वारा समय रहते त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 पर नमः होटल के समीप एस्केलेटर के सामने एक व्यक्ति के अचानक अस्वस्थ होकर चक्कर आने की सूचना स्टेशन पर उपलब्ध उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) आशीष चड्ढा को प्राप्त हुई। जिन्होंने तत्काल अपने साथ स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) श्री रविकांत के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ ईएमआर क्लिनिक की पैरामेडिकल स्टाफ सुश्री अनीता भी उपस्थित रहीं। मौके पर पहुंचकर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा दल द्वारा संबंधित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। हालांकि प्राथमिक उपचार के उपरांत भी व्यक्ति को अपेक्षित आराम नहीं मिला तथा वह स्पष्ट रूप से संवाद करने की स्थिति में नहीं था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सा दल ने बिना विलंब आवश्यक निर्णय लेते हुए एम्बुलेंस की व्यवस्था की तथा संबंधित व्यक्ति को आगे के उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण हेतु शासकीय अस्पताल भेजा गया।




# हाइवा के पहियों में फंसे स्कूटर से लगी भीषण आग, युवक की दर्दनाक मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



रविवार की रात खजरी खिरिया बाइपास पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने स्कूटर सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि स्कूटर हाइवा के नीचे फंस गया और करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। इधर स्कूटर के घिसटने के कारण उसमें आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे हाइवा को अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि की बाइपास पर मौजूद अन्य ट्रक चालकों ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल युवक को हाइवा के नीचे से निकाल लिया। लेकिन उक्त युवक का कमर से नीचे का पूरा शरीर, पैर घसीटने से क्षतिग्रस्त हो गए थे। दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाला था।

***फरार हुआ हाइवा चालक*** - हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची निरीक्षक पूर्वा चौरसिया और हनुमानताल थाने के पुलिस बल ने स्थिति को संभाला और यातायात को सुचारू करवाया। वहीं हाइवा में लगी आग पर फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। पुलिस ने घायल को तुरंत इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान माढ़ोताल शंकर नगर निवासी अजीत चौधरी के रूप में हुई है। मृतक युवक कांग्रेस के पूर्व जिला सचिव बताए जा रहे हैं। हादसा होते ही आरोपी चालक हाइवा छोड़कर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस का आयोजन

**जबलपुर ।** अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस के अवसर पर जबलपुर मंडल के कछपुरा-मदन महल रेलखंड के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 316 पर कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में विशेष सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान समपार फाटक का उपयोग करने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सुरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**